जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

बीकानेर

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

बीकानेर, गुरूवार 15 अगस्त, 2024

15 अगस्त | 78वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

# कौन कहता है जयपुर में घर लेना महंगा है ?

प्रोजेक्ट में दम दाम में कम

## फ्लैट 3,500/- | कोठी 4,000/-

क्योंकि हमारी जमीन COVID के समय की खरीदी हुई है, जब जमीन की कीमतें काफी कम थी इसलिए, आज भी हमारे फ्लैट लगभग ₹3,500 और कोठी लगभग ₹4,000 प्रति वर्ग फीट में मिल रही है।

आज की रेट में जमीन खरीद कर इस रेट में कोठी बनाना हमारे लिए भी मुश्किल ही नहीं बल्कि असंभव है।



FIXED PRICE GUARANTEED | ASSET GROWTH GUARANTEED | NO MIDDLE-MEN

## हर महीने 2 लाख रेट बढ़ेगी

पजेशन तक 10 लाख रेट बढ़ेगी

लॉन्चिंग से पजेशन तक दुगुनी रेट बढ़ेगी

फेज 1 बनकर तैयार है, फेज 2 में पजेशन शुरू, दिसंबर 24 तक पूरा तैयार होगा



2 पार्किंग वाली 3 BHK कोठी

Kedia's THE KOTHI
भव्य-उत्कृष्ट-श्रेष्ठ

सिरसी रोड़, वैशाली एक्सटेंशन, जयपुर

## अगस्त में 3 लाख रेट बढ़ेगी

दिवाली तक 15 लाख रेट बढ़ेगी

| जून | जुलाई | अगस्त | सितम्बर | दिवाली पर | |
|---|---|---|---|---|---|
| ~~1 लाख~~ | + ~~2 लाख~~ | + 3 लाख | + 4 लाख | + 5 लाख | = 15 लाख |



3 एवं 4 BHK कोठी | 2 एवं 3 BHK वॉक-अप अपार्टमेंट

KEDIA सेजस्थान
KOTHI & WALK-UP APARTMENT

अजमेर रोड़, जयपुर

नोट: दोनों ही प्रोजेक्ट्स में गिनती की कुछ कोठी बची हैं।

KEDIA®

1800-120-2323
78770-72737

info@kedia.com | www.kedia.com

www.rera.rajasthan.gov.in
RAJ/P/2023/2387
RAJ/P/2021/1523 | RAJ/P/2021/1526

*T&C Apply

## विचार बिन्दु

घर का मोह कायरता का दूसरा नाम है। –अज्ञात

# आरक्षण के चक्रव्यूह में देश कब तक फंसा रहेगा।

सीजेआई डीवाई चन्द्रचूड़ की अध्यक्षता वाली 7 न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने 6:1 के बहुमत से दिनांक 01.08.2024 का निर्णय दिया है। सुप्रीम कोर्ट के 6 न्यायाधीश निर्णय में एक मत थे, उनमें सीजेआई डीवाई चन्द्रचूड़, जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा, जस्टिस मनोज मिश्रा, जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस पंकज मिथल थे और जस्टिस बेला एम. त्रिवेदी का निर्णय अलग था। इस निर्णय में जो निर्णय 6 न्यायाधीशों का है उन्होंने यह माना है कि राज्यों को एससी एसटी की सब कैटेगरी तय करने का अधिकार है। पीठ के चार जजों ने एससी में भी क्रीमीलेयर लागू करने की बात कही है। वस्तुत: जस्टिस बी आर गवई ने अपने फैसले में उक्त बात लिखी है और शेष तीन जजों ने जिनमें जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस पंकज मिथल व जस्टिस सतीश चंद व जस्टिस गवई के निर्णय से सहमति अभिव्यक्ति की है। जस्टिस गवई ने अपने निर्णय में कहा है कि राज्यों को ओबीसी की भांति एससी एसटी (अनुसूचित जाति–अनुसूचित जनजाति) क्रीमीलेयर की पहिचान करनी चाहिये। इसका अर्थ है आरक्षण का फायदा पा चुके व्यक्तियों को बाहर कर, जो अति वंचित रह गये हैं, उन्हें अवसर दिया जाना चाहिये। जस्टिस गवई से भिन्न इसी बात को जस्टिस पंकज मिथल और जस्टिस सतीश चन्द्र शर्मा ने कहा है कि अगर परिवार में किसी भी पीढ़ी ने रिजर्वेशन (आरक्षण) का लाभ पा लिया है तो दूसरी पीढ़ी को यह लाभ नहीं मिलना चाहिये।

यहाँ यह लिखना समीचीन होगा कि सुप्रीम कोर्ट की उक्त संविधान पीठ (सात न्यायाधीश) के समक्ष यह प्रश्न निर्णित किया जाना था कि क्या राज्यों की एससी–एसटी की सब कैटेगरी बनाने का अधिकार प्राप्त है? यह भी उल्लेखनीय तथ्य था कि कोटा तय करते समय हिस्सेदारी का पूरा डेटा होना आवश्यक है। इसका अर्थ है कि सराकर के पास पर्याप्त डेटा है तो उस कैटेगरी (श्रेणी) बनाई जा सकती है। इस प्रकार अन्तिम छोर पर जो गरीब है, उसे भी न्याय मिल सकेगा। इस प्रक्रिया से यानी सब कोटा की पहिचान से सबसे ज्यादा लाभ पिछड़ी जातियों को प्राप्त होगा।

उपरोक्त जो विश्लेषण किया गया है, इसके माध्यम से जो लिखा है वह यह स्पष्ट करता है कि संविधान पीठ के समक्ष जो प्रश्न था वह केवल इतना ही था कि क्या 'राज्यों को एससी–एसटी की सब कैटेगरी तय करने का अधिकार है'। यदि पीठ सब कैटेगरी के राज्य के अधिकार को मान लेती है तो इससे यह प्रभाव होगा कि बड़ी पीठ (सात जजों की पीठ) ने पूर्ववर्ती 5 जजों की संविधान पीठ के निर्णय को जो उसने ई वी चिन्नैया के मामले में सन् 2004 में दिया था, उसे निरस्त कर दिया है। 2004 के इस निर्णय में माननीय सुप्रीम कोर्ट के 5 जजों की पीठ ने यह तय किया था कि 'एससी–एसटी के आरक्षण के लिये सब कैटेगरी नहीं बनाई जा सकती'। 1 अगस्त 2024 के निर्णय का प्रभाव Prospective होगा।

प्रश्न यह पैदा होता है कि क्या 2024 के निर्णय से देश के दलितों को अपरिमित हानि हुई और यह नया निर्णय किया जाना अपरिहार्य था, देश के दलितों के हित में किया जाना अति आवश्यक था।

दिनांक 01 अगस्त, 2024 के निर्णय में माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने स्पष्ट शब्दों में लिखा है कि राज्यों के पास अनुसूचित जातियों के भीतर उप वर्गीकरण का संवैधानिक अधिकार है, इससे उस जाति के लोगों को आरक्षण मिलेगा तो सामाजिक व शैक्षणिक रूप से अधिक पिछडे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने निर्णय में कहा था वर्गीकरण का आधार पिछडेपन और सरकारी नौकरी में प्रतिनिधित्व व मात्रात्मक और प्रदर्शन योग्य आंकडों के आधार पर करना चाहिये न कि किसी राजनीतिक लाभ प्राप्ति हेतु।

दिनांक 01 अगस्त, 2024 के निर्णय के बाद इस पर राजनीतिक पार्टियों व राजनीति के विद्वानों आदि की अलग–अलग प्रतिक्रियायें देखने को मिली हैं।

एससी–एसटी वर्ग के सांसदों ने प्रधानमंत्री से कहा है कि उनके समाज को आरक्षण आर्थिक आधार पर नहीं है अपितु उसका आधार छुआछूत, भेदभाव, सामाजिक सुधार पर है, फलस्वरूप यह विषय क्रीमीलेयर का नहीं है। भाजपा के दलित व आदिवासी सांसदों ने पीएम मोदी से मुलाकात कर मांग की है कि क्रीमीलेयर को लागू न करें। मोदी ने उनकी बात मान ली है। केबीनेट ने भी उस पर स्वीकृति की मोहर लगा दी। केन्द्रीय कानून मंत्री मेघवाल ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि एससी–एसटी में कोई क्रीमीलेयर प्रावधान नहीं है।

ऐसा कहा गया है कि एससी–एसटी में आरक्षण में वर्गीकरण का सुप्रीम कोर्ट का निर्णय आरएसएस को भी पसंद आया है।

बीएसपी सुप्रीमो मायावती ने कहा कि आरक्षण में वर्गीकरण का मतलब आरक्षण को समाप्त करना है और उसे सामान्य वर्ग को देना है। मायावती आरक्षण में किसी भी तरह के वर्गीकरण के विरूद्ध है।

> **इन्द्रा साहनी के बाद आरक्षण को लेकर कई संविधान पीठों के निर्णय हो चुके हैं, किन्तु आरक्षण का चक्रव्यूह अभी तक टूट नहीं पाया है। प्रत्येक निर्णय के बाद नया विवाद खड़ा हो जाता है। 2024 के निर्णय के बाद कई नये नये विवाद उत्पन्न होंगे इसमें कोई शंका नहीं है।**

डा. विजय सोनकर शास्त्री जो राष्ट्रीय अनुसूचित जाति और जनजाति आयोग के चेयरमैन रहे हैं और सांसद भी रहे हैं उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के दिनांक 1 अगस्त 2024 के फैसले को ऐतिहासिक कहा है। इससे आरक्षण से वंचित रही जनजाति को भी लाभ मिलेगा। उनका कहना है कि देश में एससी व एसटी की आबादी 22.5 प्रतिशत है, यदि यह वर्ग विकास में पीछे रह गया तो देश पिछड़ जायेगा। डा. शास्त्री ने कहा दलितों की कुल 1208 जातियों और 10 हजार उपजातियां हैं, इस स्थिति में वर्गीकरण करना चुनौती पूर्ण है।

कुछ ऐसे भी लोग हैं जो यह मानते हैं कि सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय के परिणाम स्वरूप एससी–एसटी श्रेणियों के मध्य एक राजनीतिक लड़ाई जन्म लेगी।

राजेन्द्र भानावत पूर्व आईएएस अधिकारी ने राष्ट्रदूत के अतिथि सम्पादकीय में सुप्रीम कोर्ट के निर्णय को ऐतिहासिक क्रान्तिकारी कहा है। भानावत जी का मानना है कि यह निर्णय धरातल पर लागू नहीं हो पायेगा।

दिनांक 1 अगस्त, 2024 के निर्णय के दो भाग स्पष्ट हैं। एक भाग में सीजेआई चन्द्रचूड़ का आदेश है जो उन्होंने जस्टिस बेला त्रिवेदी के अलावा शेष जजों और अपनी ओर से लिखा है, जिसका सार है 'कोटे में कोटा' हो सकता है, राज्य सरकार को अधिकार होगा कि वे एससी–एसटी वर्ग में शामिल समुदायों के लिये आरक्षित कोटे में से पिछडेपन के आधार पर कोटा तय करें। वहीं जस्टिस गवई ने माना है कि क्रीमीलेयर को एससी–एसटी पर भी लागू करें। वर्तमान में ओबीसी आरक्षण में वार्षिक आठ लाख रूपये कमाने वाले क्रीमीलेयर में आते हैं।

अधिकांश लोग यह मानते हैं कि ईवी चिन्नैया बनाम आन्ध्रप्रदेश के केस का 2004 का निर्णय 01.08.2024 के निर्णय से Over Rule हो गया है। 2004 के निर्णय में 5 जजों की पीठ ने यह माना था कि आरक्षित कोटे में सब कैटेगरी नहीं हो सकती। क्रीमीलेयर के विषय से इसका कोई सम्बन्ध नहीं है। क्रीमीलेयर का विवाद न तो 2004 के निर्णय का विषय था और न ही 2024 के निर्णय के विषय का ही भाग था। यह विषय जस्टिस गवई के निर्णय का भाग है। जस्टिस गवई का निर्णय जिसका समर्थन जस्टिस पंकज मिथल, जस्टिस सतीश चन्द्र और जस्टिस विक्रम नाथ ने किया है। चूंकि क्रीमीलेयर का विषय रेफरेंस का विषय नहीं है अत: 2004 के निर्णय को वह निरस्त नहीं कर सकता।

सन् 2004 का सुप्रीम कोर्ट का निर्णय मानता है कि आरक्षण की कैटेगरी में उप कैटेगरी नहीं हो सकती और 01 अगस्त 2024 का निर्णय घोषणा करता है कि कैटेगरी में सब कैटेगरी हो सकती । कुछ विद्वान कहते हैं कि निर्णय से भी यह स्पष्ट नहीं है कि इसका क्रियान्वयन कैसे होगा। यह भी कहा जा सकता है कि पर्याप्त आंकडों के तथा विश्लेषण व विवेचना के उपवर्गीकरण संभव ही नहीं है।

कांग्रेस अध्यक्ष खडके का आरोप है कि भाजपा क्रीमीलेयर के आधार पर आरक्षण ही खत्म करना चाहती है जबकि आरक्षण उस समय तक चालू रहना चाहिये जब तक छुआछूत का पाप समाप्त नहीं हो जाता। खड़के ने पीएम मोदी के उस कथन का घोर विरोध किया है जब पीएम ने कहा था कि संविधान में क्रीमीलेयर का कोई प्रावधान नहीं है ओर सरकार क्रीमीलेयर लागू नहीं करेगा। खडके का कहना है कि भाजपा/एनडीए को अपने कथन के अनुसार संसद में अधिनियम लाकर ही ऐसा करना चाहिये।

उपरोक्त विवेचन से यह स्पष्ट होता है कि दिनांक 01.08.2024 के निर्णय के अनुसार कोटे में कोटा हो सकता है किन्तु उसका क्रियान्वयन कठिन है तथा पर्याप्त आंकडों व विश्लेषण व विवेचना के यह सम्भव नहीं है। जहां तक क्रीमीलेयर के आधार पर आरक्षण का प्रश्न है, और दिनांक 01.08.2024 के निर्णय से इसका संबंध है निम्नलिखित कुछ आपत्ति विचारणीय हैं:–

1) 2004 के सुप्रीम कोर्ट का कोई संबंध क्रीमीलेयर के विषय से नहीं है और न उस रेफरेंस से है जिसके Determination के लिये केस को 7 जजों की पीठ को भेजा गया था।

2) दिनांक 01.08.2024 का मूल निर्णय वह है, जो निर्णय सीजेआई चन्द्रचूड़ ने अपने 5 अन्य जजों के साथ दिया है, जिसका सार है कोटे में कोटा हो सकता है और उप वर्गीकरण का अधिकार राज्य सरकार का है।

3) जस्टिस गवई के निर्णय में क्रीमीलेयर का उल्लेख है। इस निर्णय के अनुसार यह माना गया है कि एससी व एसटी में भी ओबीसी की भांति क्रीमीलेयर के सिद्धान्त को लागू किया जाना चाहिये। हाँ जस्टिस गवई के निर्णय का समर्थन अन्य तीन न्यायाधीशों ने भी किया है, किन्तु यह अलग निर्णय है और रेफरेन्स की सीमा में नहीं है अत: इसका कोई संबंध 2004 के निर्णय को Over Rule करने से नहीं है।

4) पीएम मोदी व उनकी सरकार ने एससी–एसटी में क्रीमीलेयर के सुझाव को स्वीकार नहीं किया है। स्वयं पीएम मोदी ने दलित व आदिवासी सांसदों की मांग को स्वीकार किया है। यह मोदी का वायदा है। अत: इस विषय पर चर्चा करने का प्रश्न ही पैदा नहीं होता। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट कर दिया है कि वर्गीकरण का आधार पिछडे़पन और सरकारी नौकरी में प्रतिनिधत्व के मात्रात्मक और प्रदर्शन योग्य आंकडों के आधार पर करना होगा, न कि राजनीतिक लाभ के आधार पर।

इन्द्रा साहनी के बाद आरक्षण को लेकर कई संविधान पीठों के निर्णय हो चुके हैं, किन्तु आरक्षण का चक्रव्यूह अभी तक टूट नहीं पाया है। प्रत्येक निर्णय के बाद नया विवाद खड़ा हो जाता है। 2024 के निर्णय के बाद कई नये नये विवाद उत्पन्न होंगे इसमें कोई शंका नहीं है। संविधान पीठों के गठन पर अंकुश लगाना आवश्यक प्रतीत होता है। सन् 1994 के बाद 2192 केसेज का निस्तारण हो चुका है, फिर भी 50 केस अभी भी निर्णय की प्रतीक्षा में हैं। लेखक का अपना विचार है कि संविधान पीठ के निर्णय को उसी समय Over Rule करना चाहिये जब निर्णय के कारण जनता के अधिकारों का हनन हो रहा हो। विचारों की भिन्नता मात्र निर्णय को पलटने का कारण नहीं होना चाहिये।

सत्यमेव जयते!

**–अतिथि सम्पादक,**
**पानाचन्द जैन**
**पूर्व न्यायाधीश, राजस्थान हाई कोर्ट**

# शिक्षकों के बिना कौशल विकास



प्रो. अशोक कुमार

रोजगार के लिए युवाओं के कौशल विकास के नाम पर किए जा रहे नित नए दावों के बीच हकीकत यह है कि विभिन्न संस्थानो में पिछले कई वर्षों से विद्यार्थियों को पढ़ाने के लिए शिक्षक तक नहीं है । विभिन्न संस्थानो ने कहा कि उन्होने केंद्र सरकार, राज्य सरकार, कौशल विकास विभाग के संबंधित अधिकारियों से सामने कई बार अपनी परेशानी रख चुके हैं। शिक्षक की मांग करते हुए पत्र लिख चुके हैं लेकिन हमें जवाब दे दिया जाता है कि जल्दी ही भर्ती की जाएगी । किसी तरह घंटे के आधार पर शिक्षकों को पढ़ाने के लिए बुलाया जा रहा है जिससे विद्यार्थी थोड़ा बहुत कुछ सीख पाए। इस शिक्षकों को पैसे भी संस्थान अपनी ओर से दे रहा है। दाखिले ऑनलाइन किए जा रहे हैं और बाद में विद्यार्थी पढ़ने आते हैं तो उन्हें परेशानी समझ में आती है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को सिखाने–पढ़ाने के लिए विश्वविद्यालय और महाविद्यालयों में सभी तरह की साधन सामग्री उपलब्ध नहीं है और जहां पर साधन सामग्री उपलब्ध है लेकिन उसका इस्तेमाल कैसे किया जाए यह सिखाने के लिए शिक्षक ही नहीं है। न प्रशासन कई वर्षों से कह रहा है कि विद्यार्थियों को कोई परेशानी न हो, इसके लिए कदम उठाए जाएंगे। प्रशासन के द्वारा यह कदम कब उठाए जाएंगे और जो विद्यार्थी इन विषयों मे बिना पढे ग्रेड प्राप्त कर चुके हैं, क्या वह रोजगार के लिए उपयुक्त होंगे?

स्नातक स्तर पर कौशल विकास कार्यक्रमों का आयोजन करना एक सराहनीय प्रयास है, लेकिन शिक्षकों के अभाव में इन कार्यक्रमों को चलाना कई कारणों से चिंताजनक है:–

**चिंता के कारण :** विषय विशेषज्ञ शिक्षक न होने से छात्रों को गहराई से समझ नहीं मिल पाती है। कई कौशल विकास कार्यक्रमों में व्यावहारिक प्रशिक्षण की आवश्यकता होती है, जिसे बिना अनुभवी शिक्षकों के करना मुश्किल होता है। शिक्षकों के अभाव में कार्यक्रमों की शैक्षणिक गुणवत्ता प्रभावित होती है। शिक्षकों के अभाव में छात्रों का रुझान इन कार्यक्रमों से कम हो सकता है। बिना शिक्षकों के कार्यक्रम की सफलता पर सवाल उठना स्वाभाविक है।

**संभावित समाधान :** विषय विशेषज्ञ अतिथि शिक्षकों को नियुक्त करके इस समस्या का समाधान किया जा सकता है। ऑनलाइन मोड में विषय विशेषज्ञों द्वारा वीडियो लेक्चर और इंटरैक्टिव सत्र आयोजित किए जा सकते हैं। छात्रों को एक–दूसरे की मदद करने के लिए प्रोत्साहित किया जा सकता है। मौजूदा शिक्षकों को कौशल विकास कार्यक्रमों को चलाने के लिए प्रशिक्षित किया जा सकता है ।

**क्या करना चाहिए :** विश्वविद्यालय प्रशासन इस समस्या पर गंभीरता से ध्यान दे और उपरोक्त सुझावों को लागू करने के लिए कदम उठाए। शिक्षक संघ इस मुद्दे को उठाकर विश्वविद्यालय प्रशासन पर दबाव बनाएं। छात्र संघ इस मुद्दे को छात्रों के बीच उठाएं और विश्वविद्यालय प्रशासन से समाधान की मांग करें। इस मुद्दे को मीडिया के सामने लाएं ताकि जनता का ध्यान इस ओर आकर्षित हो।

**निष्कर्ष:–** स्नातक स्तर पर कौशल विकास कार्यक्रमों का आयोजन एक सराहनीय प्रयास है, लेकिन बिना शिक्षकों के इन कार्यक्रमों को चलाना उचित नहीं है। इस समस्या का समाधान निकालने के लिए सभी पक्षों को मिलकर प्रयास करने की आवश्यकता है।

**–प्रो. अशोक कुमार,**
**पूर्व कुलपति कानपुर, गोरखपुर विश्वविद्यालय, विभागाध्यक्ष राजस्थान विश्वविद्यालय**

# किशनगढ़ बास से खैरथल तक 10 किलोमीटर की निकाली तिरंगा यात्रा

■ **बच्चों में शिक्षा के साथ राष्ट्रभक्ति की भावना जागृत करना जरूरी : भूपेंद्र यादव**

**किशनगढ़** बास/खैरथल, (निसं)। आजादी के अमृत महोत्सव हर घर तिरंगा अभियान के तहत आमजन में देशभक्ति का जज्बा पैदा भरने के उद्देश्य से किशनगढ़ बास के बंबोरा घाटा हनुमान मंदिर से खैरथल तक 10 किलोमीटर की तिरंगा बाइक यात्रा केंद्रीय वन एवं पर्यावरण जल वायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव, पूर्व विधायक रामहेत यादव सहित भाजपा नेताओं की मौजूदगी में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा निकाली गई। वहीं केंद्रीय मंत्री ने खैरथल में आयोजित विभाजन विभीषिका प्रदर्शनी कार्यक्रम में शामिल हुए और प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

किशनगढ़ बास के घाटा बंबोरा हनुमान मंदिर से खैरथल के लिए प्रारंभ हुई तिरंगा यात्रा का शुभारंभ केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने हनुमान मंदिर में श्री भगवान राम और हनुमान जी के दर्शन कर ढोक लगाई और पूजा अर्चना कर देश और प्रदेश व जिले की खुशहाली की कामना की। इसके बाद मंत्री ने तिरंगा लहराकर यात्रा की शुरुआत की और तिरंगा यात्रा में शामिल होकर राष्ट्रीय एकता व देश भक्ति का संदेश दिया।

तिरंगा यात्रा रथ में सवार केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव के साथ पूर्व विधायक रामहेत सतीश यादव, मंत्री हेमसिंह भड़ाना, जिला प्रमुख बलबीर छिल्लर, पालिका अध्यक्ष तारामणि सतीश सिंघल, हरीश रोघा सहित भाजपा नेताओं का किशनगढ़ बास अभिभाषक संघ अध्यक्ष अजीत राव पूर्व अध्यक्ष अमित गौड़ के नेतृत्व में अधिवक्ताओं की ओर से यात्रा पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। तिरंगा यात्रा रथ पर सवार केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव सहित नेताओं व बाइक पर चल रहे कार्यकर्ताओं के हाथों में लहर लहर लहराता हुआ तिरंगा व भारत माता की जय घोष व देश भक्ति के गीतों ने लोगों के दिलों में राष्ट्र प्रेम और एकता की भावना को जाग्रत किया।



**खैरथल में तिरंगा यात्रा रथ में सवार केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव के साथ पूर्व विधायक रामहेत सतीश यादव व अन्य थे।**

खैरथल तिरंगा यात्रा पहुंचने पर केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव सहित भाजपा नेताओं का जोरदार स्वागत किया गया। केंद्रीय मंत्री व पूर्व विधायक रामहेत यादव सहित भाजपा नेताओं ने विभाजन विभीषिका प्रदर्शनी कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित कर प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा कि विभाजन विभीषिका प्रदर्शनी विभाजन के इतिहास को समझने और इससे सीखने का माध्यम है। इसमें युवा पीढ़ी को विभाजन काल की प्रतिकूलताओं की जानकारी मिलेगी।

उन्होंने कहा कि असंख्य देश भक्तों के सर्वोच्च बलिदान के बाद हमें आजादी मिली हमें ऐसे महान देशभक्तों के प्रति कृतज्ञता अर्पित करनी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि शिक्षा के साथ–साथ बच्चों में राष्ट्रभक्ति की भावना जागृत करना बहुत जरूरी है। यादव ने कहा कि आज़ादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत हर घर तिरंगा अभियान आमजन की सहभागिता के साथ प्रदेशभर में आयोजित किया जा रहा है जो प्रगतिशील भारत, देश की संस्कृति और उपलब्धियों के गौरवशाली इतिहास को याद करने और जश्न मनाने के लिए भारत सरकार की ओर से की जाने वाली एक महत्वपूर्ण पहल है।

उन्होंने जिलेवासियों से अपील करते हुए हर घर तिरंगा अभियान के तहत अपने घरों पर तिरंगा झण्डा लगाकर राष्ट्रीय पर्व स्वाधीनता दिवस को हर्षोल्लास के साथ मनाने के लिए कहा। केंद्रीय पर्यावरण मंत्री ने खैरथल को ग्रेटर खैरथल बनाने की बात कही साथ ही केंद्रीय फंड से खैरथल से शेखपुर अहीर सड़क निर्माण जो की खैरथल से आरंभ होकर बघेरी कलां, माचरौली, दौलतपुर, बीबीरानी, जलालपुर, जोड़िया, भिनोलिया, शेखपुर अहीर तक 41 किलोमीटर की सड़क 61.5 करोड़ रुपए तथा शेरपुर से गेलपुर सड़क निर्माण जो की शेरपुर से आरंभ होकर जोड़िया, भोकर, गेलपुर तक 10 किलोमीटर की सड़क 17.5 करोड रुपए में बनाने की घोषणा की। उन्होंने दिल्ली से बांद्रा जाने वाली ट्रेन बांद्रा टर्मिनस की खैरथल में ठहराव की घोषणा की जिसके तहत बांद्रा टर्मिनस प्रात: 8:57 दिल्ली से चलकर प्रात: 10:57 पर खैरथल में रुक कर अपने गंतव्य बांद्रा को जाएगी।

पूर्व विधायक रामहेत सिंह यादव ने कहा कि विभाजन हमारी देश की स्वतंत्रता के साथ जुड़ा हुआ एक कभी न भुलाया जा सकने वाला त्रासद अध्याय है। इस चित्र प्रदर्शनी के माध्यम से हम उस समय की त्रासदी की मार्मिकता और भीषणता का अनुमान लगा सकते हैं।

इससे हमें और नयी पीढ़ी को यह जानकारी मिलती है कि आज हम जिस स्वतंत्रता का उपभोग कर रहे हैं, वह कितने संघर्षों से हमें हासिल हुई है और उसे हर तरह से सुरक्षित रखना कितना जरूरी है। इसके साथ ही यह दिन उन लोगों के कष्ट और संघर्ष की भी याद दिलाता है, जिन्हें विस्थापन का दंश झेलने को मजबूर होना पड़ा। ऐसे सभी लोगों को मेरा शत–शत नमन। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा किशनगढ़ बास व 21 गांव के लिए 77.53 करोड रुपए की पेयजल परियोजना की बजट घोषणा की गई जिसके तहत शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में आमजन को पेयजल आपूर्ति की जाएगी। इस अवसर पर पूर्व विधायक ज्ञानदेव आहूजा सहित अनेक वक्ताओं ने संबोधित किया।

# जान जोखिम में डालकर कल्याण भक्त कर रहे यात्रा

**मालपुरा,** (निसं)। प्रदेश के प्रमुख तीर्थ स्थलों में शामिल डिग्गी कल्याणजी के दरबार में चल रहे 59 वें लक्खी मेले के चौथे दिन बुधवार को भारी अव्यवस्थाओं के चलते यात्रियों को जान जोखिम में डालकर यात्रा बसों में सफर करने की तस्वीरें सामने आई।

लक्खी मेले से पूर्व जिला कलेक्टर सोम्या झां की अध्यक्षता में जिला व उपखण्ड स्तरीय अधिकारीयों की ली गई बैठक में कलेक्टर ने सभी विभागों के अधिकारियों को मेले की व्यवस्थाएं चाक चौबन्द रखे जाने के सख्त निर्देश दिये थे। बैठक में सभी विभागों के अधिकारियों ने मेले में आने वाले यात्रियों की सुविधा व सुरक्षा के सभी इंतेजामात किये जाने की जानकारी दे जिला कलेक्टर को मेले के सफल आयोजन के लिए आश्वस्त किया था। लेकिन मेले के दौरान भारी अव्यवस्थाओं के चलते यात्रियों को जानजोखिम में डालकर यात्रा करने व दर्शनों के पश्चात गंतव्य स्थान पर जाने के लिए भी बसों की छतों पर बैठकर तो बसों की खिडकी व फाटक पर लटककर यात्रा करने पर विवश होते देखा गया। परिवहन विभाग के अधिकारियों ने ऑवरलोडिंग वाहनों पर सख्त कार्यवाही के दावे किये गये थे ।

उनकी भी पोल खुलकर सामने आई। वैशाली व टोंक डिपो के अधिकारीयों ने पांच दिवसीय मेले के दौरान 100 अतिरिक्त बसें लगाने की जानकारी दी थी लेकिन जमीनी स्तर पर आधी ही बसें यात्री भार उठाते देखी गई।

बसों के अभाव में मजबूरन यात्री बसों की छतों पर बैठकर तो बसों में भेड बकरी की तरह ठूंस–ठूंस कर व लटककर जान जोखिम में डाल सफर करने के लिए विवश देखे गये। जयपुर भीलवाडा व दूदू छाण स्टेट हाईवे सहित डिग्गी चौसला व अन्य मार्गों पर सडक के दोनों ओर जंगल सफाई नहीं होने व जगह–जगह गन्दगी के ढेर लगे होने से पैदल यात्रियों को बीच सडक पर बैठकर विश्राम करते देखा गया। मेले में बेरिकेटिंग तो लगाई गई लेकिन तैनाद पुलिस के अधिकारी व जवान पैदल यात्रियों की सुविधा व सुरक्षा को नजर अंदाज कर प्रतिबंधित मार्ग में दुपहिया व चौपहिया वाहनों को प्रवेश देने से कल्याण जी के यात्रियों को खासा परेशान होना पडा।

मंदिर के बाहर व बाजार में लगाई गई रेलिंग में मालिक विहिन पशुओं के घुमने व यात्रीयों को क्षति पहुचाने जैसे भी नजारे सामने आये। तमाम अव्यवस्थाओं से जानकर भी अंजान बना मेला प्रशासन ।प्रशासन की यह लापरवाही व अव्यवस्था यात्रीयों के लिए बन सकती है कभी बडी मुसीबत व दुर्घटना का कारण। मंदिर ट्रस्ट की ओर से भी इस बार मेले में यात्रीयों की सुविधा व सुरक्षा के लिए माकुल इतेजाम नही किये जाने से कल्याण भक्तों में ट्रस्ट के प्रति भी गहरा आक्रोष देखा गया।

## राशिफल गुरूवार 15 अगस्त, 2024



पंडित अनिल शर्मा

सावन मास, शुक्ल पक्ष, दशमी तिथि, गुरूवार, विक्रम संवत 2081, ज्येष्ठ नक्षत्र दिन 12:53 तक, वैधृति योग दिन 2:58 तक, गर करण दिन 10:27 तक, चन्द्रमा दिन 12:53 से धनु राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य–कर्क, चन्द्रमा–वृश्चिक, मंगल–वृष, बुध–सिंह, गुरू–वृष, शुक्र–सिंह, शनि–कुम्भ, राहु–मीन, केतु–कन्या राशि में।

आज रवियोग दिन 12:53 तक है। आज भद्रा रात्रि 10:03 से आरम्भ होगी। आज वैधृति पूण्यं है और पारसी नव वर्ष प्रारम्भ होगा। आज नवरोज है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** शुभ सूर्योदय से 7:39 तक, चर 10:54 से 12:31 तक, लाभ–अमृत 12:31 से 3:46 तक, शुभ 5:23 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 1:30 से 3:00 तक। सूर्योदय 6:02, सूर्यास्त 7:00

### मेष




अपनी कार्य योजना को सीमित रखें। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। बनते कार्य बिगड़ सकते हैं। आज मध्यान्ह पश्चात अटके हुए कार्य बनने लगेंगे।

### वृष




परिवार में आपसी सहयोग–समन्वय बना रहेगा। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। धार्मिक–सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। दिन के मध्यान्ह पश्चात अष्टम चन्द्र शुभ नहीं है।

### मिथुन



स्वास्थ्य संबंधित चिन्ता दूर होगी। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। दिन के मध्यान्ह पश्चात परिवार में मनोरंजन के कार्यक्रम बन सकते हैं।

### कर्क




परिवार में शुभ–मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। महत्वपूर्ण कार्यों के संबंध में सोच–विचार हो सकता है। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। महत्वपूर्ण कार्यों में सफलता से मनोबल ऊंचा रहेगा।

### सिंह




घर–परिवार में अतिथियों के आगमन से दिनचर्या अस्त–व्यस्त हो सकती है। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। महत्वपूर्ण कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी।

### कन्या




परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। नये–पुराने मित्रों के साथ मनोरंजन के कार्यक्रम बन सकते हैं। परिवार में धार्मिक स्थान की यात्रा संभव है।

### तुला




आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। महत्वपूर्ण कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। आज मित्रों/रिश्तेदारों के साथ मनोरंजन के कार्यक्रम बन सकते हैं।

### वृश्चिक



मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मन:स्थिति ठीक रहेगी। परिवार में धार्मिक–सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। दिन के मध्यान्ह पश्चात आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे।

### धनु




घर–परिवार कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। मन में असंतोष बना रहेगा। घर–गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। दिन के मध्यान्ह पश्चात परेशानियों से राहत मिलेगी।

### मकर




आर्थिक/वित्तिय मामलों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। दिन के मध्यान्ह पश्चात अनर्गल कार्यों में समय खराब होगा। अनावश्यक धन खर्च होगा।

### कुंभ



व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। चलते कार्यों में प्रगति होगी। दिन के मध्यान्ह पश्चात परिवार में शुभ–मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

### मीन



नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। दिन के मध्यान्ह पश्चात महत्वपूर्ण कार्यों से संबंधित वार्ता सफल रहेगी। व्यक्तिगत प्रयासों से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है।

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

बीकानेर

Rashtradoot

फोनः- 2200660 फैक्स : 0151-2527371 वर्षः 46 संख्याः 25 प्रभात बीकानेर, गुरुवार 15 अगस्त, 2024 डाक प.स.बीकानेर/045/2020-22 पृष्ठ 8 मूल्य 2.50 रू.

# भारी बारिश और फिर घंटो ट्रैफिक जाम



*राजधानी जयपुर में बुधवार शाम 5 बजे से रात 9 बजे तक मानसून की सबसे तेज बारिश हुई। शहर में बाढ़ जैसे हालात बन गए। पानी भरने से सड़कें दरिया बन गई जिनमें कार व दुपहिया वाहन तैरते देखे गए। एम.आई. रोड, जयपुर परकोटे व अजमेर पुलिया के साथ-साथ मुख्य सीकर रोड पर 5 फीट से ऊपर पानी भर गया। ट्रैफिक जाम की ऐसी भयावह स्थिति बनी कि सी-स्कीम स्थित अशोक मार्ग से एम.आई. रोड पर पहुंचने में लोगों को 5 मिनट के बजाय 4 घंटे से ज्यादा समय लगा। इसी तरह वी.वी.आई.पी. रूट जवाहर लाल नेहरू रोड, त्रिमूर्ति सर्किल पर भी देर रात 12 बजे तक भारी यातायात जाम में लोग फंसे रहे।*

## अवकाश की सूचना

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राष्ट्रदूत कार्यालय में 15 अगस्त को अवकाश रहेगा। अतः दैनिक राष्ट्रदूत का अगला अंक 17 अगस्त को प्रकाशित होगा। **-प्रबंध सम्पादक**




## बंगाल से ग्यारह महिला सांसदों ने युवा डॉक्टर के रेप व हत्या के बारे में एक शब्द भी नहीं कहा

**-अंजन रॉय-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 14 अगस्त। पश्चिम बंगाल में स्वास्थ्य सेवा में वस्तुतः ठप्प हो गई हैं क्योंकि जूनियर डॉक्टर, तथा उनके साथ सीनियर डॉक्टर अपने ड्यूट-स्थलों से बाहर आ गये हैं तथा आर.जी. कार हॉस्पिटल एंड कॉलेज में इन्टर्नी एम.डी. छात्रा के साथ हुये दुष्कर्म तथा उसकी हत्या को लेकर न्याय की माँग कर रहे हैं।

बंगाल इस घटना से उपजे क्रोध में भड़क रहा है तथा राज्य के सुरक्षा तथा निष्पक्षता के पूर्ण अभाव को लेकर जन-आक्रोश बढ़ता ही जा रहा है। सोशल मीडिया इस बात पर उत्तेजित है तथा इसकी जबरदस्त भर्त्सना कर रहा है कि यहाँ की 11 महिला सांसदों में से किसी ने भी इस मेडिकल छात्रा के साथ हुये जघन्य अपराध के खिलाफ एक शब्द भी नहीं बोला है।

दुर्भाग्य की बात यह है कि मेडिकल कॉलेज के अधिकारियों ने घटनास्थल

**( शेष अंतिम पृष्ठ पर )**

## ए.डी.जी. वी.के. सिंह को राष्ट्रपति पुलिस पदक दिया जाएगा

जयपुर, 14 अगस्त। केन्द्रीय गृह मंत्रालय की ओर से 78वें स्वाधीनता दिवस-2024 के अवसर पर राजस्थान के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ए.डी.जी. एस.ओ.जी. वी.के. सिंह को राष्ट्रपति पुलिस पदक व 14 पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को पुलिस पदक प्रदान करने की घोषणा की गई है। पुलिस महानिदेशक यू आर साहू ने इन सभी अधिकारियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।




अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक ए.टी.एस. व एसओजी विजय कुमार सिंह को राष्ट्रपति पुलिस पदक के लिए चुना गया है। सिंह ने 8 महीने में 12 भर्ती परीक्षाओं में गड़बड़ी और पेपर लीक गिरोह को लेकर कई खुलासे किए हैं। उन्होंने एस.ओ.जी. में कार्यभार संभालते ही पेपर लीक माफिया की कमर तोड़ दी। साल 1997 बैच के आई.पी.एस. सिंह को जनवरी 2024 में नई सरकार ने एस.ओ.जी. ए.डी.जी. बनाने के साथ एंटी चीटिंग सेल की

**( शेष अंतिम पृष्ठ पर )**

## राजीव गांधी की जयंती से कांग्रेस महाराष्ट्र का चुनाव अभियान शुरू करेगी

**-रेणु मित्तल-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 14 अगस्त। कांग्रेस 20 अगस्त को राजीव गांधी की जयंती पर महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों के अपने प्रचार अभियान की शुरुआत करेगी।


पार्टी राज्य इकाई का सम्मेलन कर रही है उसके बाद एक जनसभा होगी। रोचक बात यह है कि कार्यक्रम कांग्रेस द्वारा आयोजित है और इसमें उद्धव ठाकरे और शरद पवार को बुलाया जाएगा।

**■ ऐसा माना जा रहा है, कि उद्धव ठाकरे विपक्ष की ओर से मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार होंगे।**

सूत्रों का कहना है कि मुख्यमंत्री कौन होगा इसका निर्णय चुनाव के बाद इस आधार पर किया जाएगा कि किस पार्टी के कितनी सीटें मिलती हैं। संभावना है कि उद्धव ठाकरे ही गठबंधन का चेहरा होगे। शरद पवार बढ़ती उम्र और खराब स्वास्थ्य के बाद भी गठबंधन के सबसे बड़े नेता हैं।

**( शेष अंतिम पृष्ठ पर )**



# मुख्यमंत्री भजनलाल ने जैसलमेर में बी.एस.एफ. चौकी का दौरा किया

## सीमा पर मुस्तैदी से अपना कर्तव्य निभाते हैं हमारे जवान, उनके कारण ही देश में अमन-चैन कायम : मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

**जैसलमेर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि हमारे जवानों द्वारा सीमा पर मुस्तैदी से की जा रही चौकसी के कारण ही देश की जनता सुरक्षित है और देश में अमन-चैन कायम है। उन्होंने कहां कि सीमा सुरक्षा बल के जवान राष्ट्र के हर व्यक्ति के लिए वंदनीय है।

शर्मा बुधवार को जैसलमेर में

■ **मुख्यमंत्री ने मां तनोटराय के दर्शन कर प्रदेश में सुख-शांति की कामना की**

भारत-पाक सीमा पर स्थित बाबलियानवाला चौकी पर तैनात बीएसएफ के जवानों को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने जवानों के पुरुषार्थ की प्रशंसा करते हुए कहा कि कड़ी धूप में जहां आम व्यक्ति के लिए कुछ मिनट भी खड़े रहना मुश्किल होता है, वहीं हमारे जांबाज सीमा प्रहरी राष्ट्रभक्ति के भाव से सीमा पर मुस्तैदी से चौकसी करते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि जवानों के बीच आकर उन्हें नई ऊर्जा का अहसास हो रहा है और ये पल उनके लिए अविस्मरणीय रहेगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार सदैव सीमा सुरक्षा बल के साथ है और सरकार की ओर से उन्हें हर संभव सुविधाएं और सहायता उपलब्ध करवायी जाएंगी।

इस दौरान मुख्यमंत्री शर्मा ने बाबलियानवाला सीमा चौकी का दौरा किया एवं दूरबीन से सीमा का अवलोकन किया। उन्होंने जवानों एवं अधिकारियों से भी मुलाकात की और उन्हें स्वाधीनता दिवस की बधाई देते हुए मिठाई वितरित की। महिला जवानों ने मुख्यमंत्री को रक्षा सूत्र भी बांधें। सीमा सुरक्षा बल के महानिरीक्षकएम.एल. गर्ग, उप महानिरीक्षकयोगेन्द्र सिंह राठौड एवं 166 बटालियन के कमाण्डेंटवीरेन्द्र प्रताप सिंह ने स्मृति चिन्ह भेट कर मुख्यमंत्री का अभिनन्दन किया।

**मुख्यमंत्री ने किए मां तनोटराय के दर्शन :-** इससे पहले मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आदिशक्ति मां तनोटराय के दर्शन किए एवं पूजा-अर्चना की। उन्होंने देश व प्रदेश में सुख-समृद्धि तथा खुशहाली की मंगल कामना की। मुख्यमंत्री ने वहां स्थित शिव मन्दिर के भी दर्शन किए एवं परिसर में स्थित विजय स्तम्भ पर पुष्पचक्र अर्पित कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी।



जैसलमेर दौरे के दौरान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के महिला जवानों ने राखी बांधी।

# शिक्षा कर्मचारी की करंट लगने से मौत हुई

**बीकानेर,** (कासं)। दौसा के बान्दीकुई में वरिष्ठ सहायक मांगीलाल सैन की विद्यालय में करंट लगने से हुई मौत के मामले की उच्च स्तरीय जांच करवाने एवं सहायता राशि उपलब्ध करवाने की मांग की गई है।

इस संबंध में शिक्षा विभागीय कर्मचारी संघ के प्रदेशाध्यक्ष कमल नारायण आचार्य ने मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री, मुख्य सचिव, सचिव स्कूल शिक्षा, निदेशक माध्यमिक शिक्षा, बीकानेर को ईमेल के द्वारा पत्र लि खा है। पत्र में लिखा है कि विद्युत विभाग एवं शिक्षा विभाग की ल ापरवाही के कारण 13.08.2024 को राजकीय कर्मचारी मांगीलाल सैन वरिष्ठ सहायक राउमावि भांवत भांवती बान्दीकुई जिला दौसा की असामयिक मृत्यु राजकीय दायित्व को निर्वहन करते हुए कार्यरत स्थल पर हुई। सैन के आश्रितों को कम से कम 50-50 ल ाख की सहायता राशि तुरन्त दी जाये।

इसके अलावा नियमानुसार आश्रित को राजकीय सेवा में नियुक्ति प्रदान की जाये, हितकारी निधि से नियमानुसार आर्थिक सहायता प्रदान की जाये, बिजली निगम एवं शिक्षा विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ उच्च स्तरीय जांच की जाकर दोषी स्तरों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जाए।

# महिला का मंगलसूत्र तोड़ा, दो महिलाएं पकड़ी



पीपली स्टैंड पर मंगलसूत्र तोड़ने के दौरान मौके पर भीड़ जुट गई।

**पावटा,** (निसं)। एक महिला का पीपली स्टैंड पर मंगलसूत्र तोड़ लिया गया।महिला के शोर मचाने पर लोगों ने दो महिलाओं को शक के आधार पर दबोच लिया। इनके पास से महिला का मंगलसूत्र बरामद कर लिया गया।

भाबरु थाना पुलिस मौके से दो महिलाओं को थाने ले गई। ग्राम लुहाकणा कलां निवासी लाली देवी सोमवार को शाम करीब चार बजे पीपली स्टैंड पर खडी थी। भीड में शामिल महिलाओं ने लाली देवी का मंगलसूत्र तोड लिया। यह देख लाली देवी ने शोर मचाया तो आसपास मौजूद लोगों ने शक के आधार पर दो महिलाओं को पकड लिया। उसके पास से लाली देवी का मंगलसूत्र बरामद करने के बाद भीड ने दोनों महिलाओं को पुलिस के हवाले कर दिया।

# एटीएम काटकर ले गए चोर



एटीएम को गैस कटर से काट नगदी लेकर बदमाश फरार हो गये।

**अजमेर,** (कासं)। जिले के किशनगढ़ उपखंड के गांधीनगर थाना क्षेत्र में मार्बल सिटी हॉस्पिटल के बाहर लगे एटीएम बूथ को गैस कटर से काटकर अज्ञात चोरों चुरा ले गए। एटीएम में 4.73 लाख रुपए रखे थे। शहर में चोरों के हौसले बुलंद हैं। वारदात की सूचना मिलते ही गांधीनगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जानकारी ली। इस दौरान अजमेर से एफएसएल टीम ने सबूत उठाए पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

गांधी नगर थाना पुलिस के अनुसार 4 बदमाश शिफ्ट डिजायर कार में सवार होकर आए थे, उन्होंने एटीएम बूथ के सीसीटीवी कैमरे पर स्प्रे किया और 8 मिनट के भीतर पूरी वारदात को अंजाम दे दिया। बदमाशों ने पहले एटीएम बूथ के सीसीटीवी कैमरे पर स्प्रे किया फिर गैस कटर से एटीएम को काटा और रखी नगदी लेकर फरार हो गए। पुलिस तफ्तीश में सामने आया कि बदमाश पहले अंतरमना क्षेत्र में बैंक ऑफ इंडिया के एटीएम को काटने की कोशिश कर चुके थे, लेकिन सफल नहीं हो पाए। इसके बाद उन्होंने मार्बल सिटी हॉस्पिटल के बाहर एचडीएफसी बैंक के एटीएम को निशाना बनाया। यह वारदात एटीएम बूथ के ऊपर लगे हॉस्पिटल के कैमरे में बदमाशों की कार कैद हो गई है। एफएसएल टीम ने मौके पर साक्ष्य एकत्र किए। गांधीनगर थाना पुलिस मामले की जांच करते हुए अज्ञात बदमाशों की तलाश में आस-पास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

# व्यापारी से 25 लाख का गबन

**अजमेर,** (कासं)। अजमेर में डिस्पोजल व्यापारी से धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। व्यापारी ने अपने कर्मचारी पर फर्म व रिटेल आउटलेट से लगभग 25 लाख रुपए का गबन का आरोप लगाया है। व्यापारी

■ **फर्म में लेन देन का हिसाब जांचने पर चला पता, नौकरी छोड़ गया कर्मचारी**

ने आदर्श नगर थाने में शिकायत दर्ज करवाई है। पुलिस के अनुसार. छतरी योजना निवासी अभिषेक जैन ने बताया कि उसकी फर्म महावीर एंटरप्राइजेज पलरा में स्थित है। वह डिस्पोजल आइटम का व्यापार करता है। उसकी फर्म का रिटेल आउटलेट अजमेर शहर में भी है। फर्म में आशीष वर्मा पिछले 11 साल से नौकरी कर रहा था।

व्यापारी ने बताया कि आशीष रिटेल आउटलेट से भी अन्य जगहों पर माल सप्लाई का कार्य देखता था। फर्म में लेन.देन का सारा हिसाब किताब भी रखता था। स्टॉक में हेरा.फेरी मिलने पर संदेह हुआ था। इस बीच गबन के डर के कारण आशीष अचानक मार्च 2024 में काम छोडक़र चला गया। पीडित् ने बताया कि आशीष के कार्यकाल के सारे रिकार्ड और हिसाब चेक किया तो आशीष ने उनकी फर्म व रिटेल आउटलेट से लगभग 25 लाख रुपए का गबन कर लिया। उसने गबन करना स्वीकार किया और 10 दिनों में संपूर्ण राशि देने के लिए कहा था लेकिन आज तक पैसे वापस नहीं लौटाए गए। आदर्श नगर थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# फिर टूटी गंदे पानी की पाल, पानी से घिरे आवासीय क्षेत्र

**बीकानेर,** (कासं)। बल्लभ गार्डन क्षेत्र में गंदे पानी को रोकने के लि ए बनाई हुई मिट्टी की पाल फिर टूट गई। पाल टूटने से एकत्र गंदा पानी आस पास के आवासीय क्षेत्रों तक पहुंच गया व मकान गंदे पानी से घिर गए। बड़ी मात्रा में तेज बहाव के साथ आवासीय क्षेत्रों की ओर पहुंचे पानी के कारण अनेक मकानों से लोगों को बाहर निकलने तक का भी मौका नहीं मिला व अनेक परिवारजन घरों में ही दुबके रहे। क्षेत्र में करीब दो किमी एरिया में गंदा पानी फैल गया व शाम तक पानी का बहाव जारी रहा।

पाल टूटने की सूचना मिल ते ही नगर निगम की ओर से मौके पर जेसीबी मशीने और डंपर भेजे गए। पानी बड़ी मात्रा में होने के कारण टूटी पाल तक पहुंचना मुश्किल बना रहा। हालांकि पाल तक पहुंचने के लिए कच्चा मार्ग बनाने का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। निगम अभियंता बजरंग कुमावत के अनुसार संसाधनों की मदद से लगातार कार्य चल रहा है।

गंदे पानी की पाल टूटने से आस पास के कई क्षेत्रों में पानी भरने से दर्जनों मकान पानी से घिर गए। बजरंग विहार निवासी नितिन ने बताया कि बजरंग विहार प्रथम व बजरंग विहार द्वितीय सहित केशव नगर तथा आस पास के क्षेत्रों में कई मकानों व कॉलोनी क्षेत्रों में दो से चार फीट तक पानी भर गया। उन्होंने बताया कि सुबह करीब 6 बजे पाल टूटने से पानी पहले आस पास बनी बाड़ियों में भर गया। इसके बाद आवासीय क्षेत्रों की ओर बढ़ ना शुरू हो गया। करीब साढ़े आठ बजे तक पानी मकानों के चारो ओर भर गया। घरों से बाहर निकल ना मुश्किल हो गया।

मानसून को लेकर जिला कलेक्टर, नगर विकास न्यास और नगर निगम में बाढ़ एवं आपदा राहत के कंट्रोल रूम बने हुए है। आला अधिकारियों ने बंद कमरों में बैठकर आपदा राहत को लेकर कई निर्देश दिए। मंगलवार को बल्लभ गार्डन क्षेत्र में पाल टूटने से लोगों को हुई परेशानी के दौरान आपदा राहत एवं बचाव के लिए घंटों बाद भी प्रयास नजर नहीं आए। स्थानीय निवासियों के साथ-साथ जागरुक लोगों ने भी प्रशासन व संबंधित विभागों के अधिकारियों को फोन कर पाल टूटने की जानकारी दी, लेकिन मौके पर रेस्क्यू के संसाधन व दल घंटों बाद तक नजर नहीं आए।

बल्लभ गार्डन क्षेत्र में आरओबी के पास एकत्र हो रहा पानी नगर निगम का है। आस पास के आवासीय क्षेत्र नगर विकास न्यास के अधिकार क्षेत्र में है। बार बार टूट रही पाल के दौरान स्थानीय निवासियों को परेशान होना पड़ रहा है। हर बार पाल टूटने पर निगम मिट्टी से पाल बनाकर इतिश्री कर ले ता है। पानी निगम का है, इसलि ए नगर विकास न्यास दूर से तमाशा देखता रहता है। न्यास के पास वर्तमान में कई मोटर पम्प व अन्य संसाधन है। मंगल वार को मौके पर न्यास का एक भी संसाधन अथवा मोटर पम्प नहीं पहुंचा। निगम की ओर से पांच पम्प, चार जेसीबी व चार डम्पर मौके पर भेजे गए।

बल्लभ गार्डन क्षेत्र में पानी की अधिक मात्रा के दबाव के चलते करीब पाल टूटने की बात कही जा रही है। निगम अभियंता बजरंग कुमावत के अनुसार करीब डेढ सौ फीट तक पाल टूट गई है। पाल टूटने के स्थल पर गड्ढा भी बन गया है। निगम की ओर से चार जेसीबी मशीनें, पांच डम्पर, एक पॉकले न मशीन, दो मोटर पम्प ल गाए गए है। वहीं करीब दो दर्जन कर्मचारी-श्रमिक पाल बांधने के कार्य में जुटे हुए है। निगम कार्यवाहक आयुक्त अर्पिता सोनी, अधीक्षण अभियंता ललित ओझा, एक्सईएन पवन बंसल व चिराग गोयल भी मौके पर पहुंचे।

बल्लभ गार्डन क्षेत्र में आरओबी के पास पिछले महीनें की 11 तारीख को भी गंदे पानी की पाल टूटी थी। इस पाल को बांधने का काम एक पखवाड़े से भी अधिक समय तक चल ा। निगम की ओर से मिट्टी से कच्ची पाल को बांधा गया था। मंगल वार सुबह पिछली बार टूटी पाल से कुछ आगे की ओर फिर से पाल टूट गई।


## कार्यालय नगर विकास न्यास, बीकानेर

क्रमांक - न.वि.न्यास./स्टोर/2024-25/8390 दिनांक :- 13/08/2024

**संशोधन निविदा सूचना**

इस कार्यालय की निविदा सूचना संख्या 02/स्टोर/2024-25 के कार्य संख्या 22 में अनुमानित लागत 20.00 लाख के स्थान पर 30.00 लाख पढ़ी जावे एवं धरोहर राशि 02 प्रतिशत के अनुसार 40,000/- के स्थान पर 60,000/- पढ़ी जावे। इस कार्य की शर्त संख्या 17 में फर्म का पंजीयन ERIII/B इलेक्ट्रिक के स्थान पर ERII/A इलेक्ट्रिक लाईसेन्स श्रेणी में होना पढ़ा जावे।

सचिव
नगर विकास न्यास, बीकानेर
राज.संवाद/सी/24/3777



## ENGINEERING COLLEGE BHARATPUR

(A Constituent College of Rajasthan Technical University, Kota) Village-Shyorana, Near Sewar & National Highway-21, Bharatpur-321303 www.ecbharatpur.ac.in

No. F1(1)/GECBH/2024-25/RHTEQIS/Recruitment (ATA)/44 Date: 14.08.2024

**CONTRACTUAL APPOINTMENTS (ASSISTANT TEACHING ASSOCIATES)**

Application in prescribed format, are invited from interested eligible candidate for contractual appointment on the post of Assistant Teaching Associate in various departments RHTEQIS at monthly fixed remuneration of INR 28850/- (Rupees Twenty Eight Thousand Eight Hundred Fifty Only)

| CSE (A.I.&D.S.)-01 | CSE-02 | Mechanical Engineering-01 | Maths-01 | Total |
|---|---|---|---|---|
| SC(F)-01 | UR(F)(Widow)-01 EWS-01 | ST-01 | UR-01 | 05 |

These contractual appointments shall be made under RHTEQIS for a ONE YEAR (extendable on satisfactory performance) or termination of the Scheme, whichever is earlier. Qualifications and experience for these posts will be as per norms of AICTE/UGC applicable for Teaching Posts as on date. For further more details and application form please visit college websie. Note : The last date of submission of form is extended upto 02.09.2024

Dr. Ravi Gupta (PRINCIPAL)



## कार्यालय नगरपरिषद्, मकराना (डीडवाना-कुचामन)

फोन नं. 01588-240107, फैक्स 01588-240107 ईमेल :- npmakrana@gmail.com

क्रमांक:- न.प.म./2024-25/1708 दिनांक :- 13.08.2024

**ई-निविदा सूचना 06/2024-25**

कार्यालय नगरपरिषद् मकराना द्वारा विकास कार्य के लिए योग्य संवेदकों/फर्मो से निविदा प्रपत्र में ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है, ई-निविदा https://eproc.rajasthan.gov.in एवं http://www.sppp.raj.nic.in/ पर NIB NO. DLB2425A1771 के जरिए देखी जा सकती है। सशर्त निविदा मान्य नहीं होगी।

UBN NO. DLB2425WSOB05481

सभापति नगरपरिषद् मकराना — आयुक्त नगरपरिषद् मकराना
राज.संवाद/सी/24/3756



## कार्यालय नगर निगम, उदयपुर

टाउनहॉल लिंक रोड, उदयपुर (राज.) 313001
दुरभाष स. 0294-2421255, 2420013, Helpline no.0294-2426262 वेबसाइट- www-udaipurmc.org

क्रमांक : निविजा/2024-25/ई -14 दिनांक :- 16.08.2024

**(ई-भुगतान) बोली आमन्त्रण सूचना संख्या - ई 14/2024-25**

नगर निगम कार्यालय उदयपुर द्वारा विभिन्न विकास कार्यो हेतु कुल राशि रु0 912.37 लाख के कुल 23 कार्यो हेतु इच्छुक निविदादाताओं से निर्धारित निविदा प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया के तहत निविदा आमंत्रित की जाती है निविदा के क.सं. 01 से 13 कार्यो की प्रारम्भ तिथि 16.08.2024 एवं अंतिम तिथि 28.08.2024 तथा निविदा खुलने की तिथी 29.08.2024 रहेगी एवं निविदा के क.सं. 14 से 23 के कार्यो की प्रारम्भ तिथि 20.08.2024 एवं अंतिम तिथि 03.09.2024 तथा निविदा खुलने की तिथी 04.09.2024 निविदा से संबंधित अन्य समस्त विवरण इंटरनेट साईट www.eproc.rajasthan.gov.in, www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखे जा सकते है।

UBN No. UNP2425WLOB00064

अधीक्षण अभियन्ता नगर निगम, उदयपुर
राज.संवाद/सी/24/3758



## कार्यालय नगर विकास न्यास, बीकानेर

क्रमांक - न.वि.न्यास./स्टोर/2024-25/8366 दिनांक :- 12/08/2024

**कार्यालय आदेश**

इस कार्यालय की निविदा सूचना संख्या 02/स्टोर/2024-25 के विभिन्न कार्यों में निम्नानुसार संशोधन किया जाना है:-

1. कार्य सं. 16 :- कम्प्यूटर, प्रिन्टर स्कैनर, यूपीएस आदि का कार्य आगामी आदेशों तक स्थगित किया जाता है।
2. शेष सभी कार्यों की निविदा ई-प्रोक साईट पर ऑनलाईन अपलोड करने की अंतिम दिनांक 22.08.2024 को दोपहर 03.00 बजे तक रहेगी एवं इसी दिवस को सांय 05:00 बजे बाद खोला जावेगा।
3. कार्य सं. 01 की शर्त संख्या 20, कार्य सं. 02, 18, 19, 20, 21, 22 की शर्त संख्या 19 कार्य सं. 23 की शर्त संख्या 18 विलोपित की जाती है एवं कार्य संख्या 08 की शर्त संख्या 15 में गत तीन वर्षों में राजकीय संस्थानों में कम से कम 10 लाख की आपूर्ति का अनुभव संबंधी शर्त विलोपित की जाती है।

सचिव
नगर विकास न्यास, बीकानेर
राज.संवाद/सी/24/3779



## राजस्थान स्टेट माईन्स एण्ड मिनरल्स लिमिटेड

(राजस्थान सरकार का उपक्रम) एसबीयू एण्ड पीसी-लाईमस्टोन, 8, वेस्ट पटेल नगर, सर्किट हाउस रोड, जोधपुर- 342001 (राज.), फोन नम्बरः (0291)2511031 / 2516199 फेक्सः (0291) 2511029

**संशोधित निविदा सूचना - 01** दिनांक :- 13/08/2024

| ई-निविदा संख्या एवं दिनांक | कार्य का विवरण |
|---|---|
| आर.एस.एम.एम./एसबीयू एण्डपीसी-एल.एस./जीजीएम-एलएस/संविदा-06/2024-25 दिनांक:-08.07.2024 UBN No. MML2425WSOB00059 | सानू माईन्स जैसलमेर के लिये पानी स्प्रिंकलरयुक्त दो 10,000 लीटर अथवा इससे अधिक क्षमता के ट्रक चैसिस (मॉडल वर्ष 2020 अथवा उसके बाद का) पर बने पानी के टैंकरो द्वारा रामगढ़ नहर/रामगढ़ स्थित पी.एच.ई.डी. हाईड्रेट से कम्पनी की सानु लाईमस्टोन माईन्स तक पानी परिवहन कर निविदा में दर्शित विभिन्न कार्य निष्पादित करना। अनुमानित राशि- रू. 68.40/- लाख, धरोहर राशि - रू. 136000/-, निविदा प्रपत्र मूल्य- रू 4720/- निविदा प्रस्तुत करने की संशोधित तिथि 03.09.2024 को सांय 3.00 बजे तक, निविदा के तकनिकी प्रस्ताव खुलने की संशोधित तिथि 04.09.2024 को सांय 3.30 बजे। |

उपरोक्त निविदा की विस्तृत जानकारी के लिए हमारी वेबसाईट www.rsmm.com, www.sppp.rajasthan.gov.in, www.eproc.rajasthan.gov.in अथवा प्रबन्धक (अनुबंध) से उपरोक्त पतें पर सम्पर्क करें।

राज.संवाद/सी/24/3773 उप महाप्रबन्धक (का.एवं प्रशा.)



राजस्थान सरकार

## कार्यालय आबकारी आयुक्त, राजस्थान

आबकारी भवन, 2-गुमानियावाला, पंचवटी, उदयपुर 313001

क्रमांक:प.23(1)आब/लेखा/भांग बन्दोबस्त/2024-25/592 दिनांक:14.08.2024

**भांग समूहों हेतु निविदा सूचना-10**

आबकारी एवं मद्य संयम नीति वर्ष 2024-25 के प्रावधान अनुसार राजस्थान आबकारी अधिनियम 1950 तथा उसके अन्तर्गत बने राजस्थान आबकारी नियम, 1956 के अन्तर्गत पड़त रहे भांग समूह सवाईमाधोपुर, करौली, नागौर व श्रीगंगानगर-हनुमानगढ़ के थोक एवं खुदरा विक्रय मे लिये अनुज्ञापत्र (Licence) स्वीकृत करने हेतु निविदाएं निर्धारित प्रपत्र में बन्द लिफाफे में दिनांक 22.08.2024 को अपराह्न 3:00 बजे तक कार्यालय आबकारी आयुक्त, 2- गुमानियावाला, पंचवटी, उदयपुर में आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष अपराह्न 4:00 बजे खोली जाएगी। निविदा की मुख्य शर्ते, पड़त समूहों की वार्षिक एवं शेष 7 माह के लिए आनुपातिक आरक्षित राशि एवं अन्य विवरण विभागीय वेबसाईट https://excise.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है। समूह में आवश्यकतानुसार भांग की अतिरिक्त दुकानें अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा स्वीकृत की जा सकेगी। निविदा प्रपत्र विभागीय वेबसाईट https://excise.rajasthan.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है।

आबकारी अयुक्त
राजस्थान, उदयपुर
DIPR/C/7451/2024



## कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, सवाईमाधोपुर एवं सदस्य सचिव, जिला ग्रामीण स्वास्थ्य समिति, एनएचएम, सवाईमाधोपुर स्वास्थ्य भवन सवाईमाधोपुर (राज.)

फोन नं. 07462-235011, Email: dhs_swm@rediffmail.com

क्रमांकःएनएचएम/लेखा/निविदा/2024-25/437 दिनांक-8/8/2024

**निविदा सूचना**

सदस्य सचिव, जिला ग्रामीण स्वास्थ्य समिति (मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सवाईमाधोपुर (राज0) में अनुभवी इच्छुक एवं पंजीकृत निविदादाता से निविदा आमंत्रित की जाती है। कार्य हेतु निविदा संबंधी समस्त विवरण, सम्बन्धित नियम व शर्ते, निविदा प्रारूप, निविदा प्रस्तुत करने एवं खोलने की तिथि आदि पूर्ण विवरण http://eproc.rajasthan.gov.in and www.sppp.rajasthan.gov.in/ पर देखी/पढी/डाउनलोड की जा सकतीहै।

| क्र.स. | कार्य का नाम | NIB No. | UBN No. |
|---|---|---|---|
| 1 | मानव संसाधन UAAM कार्य हेतु निविदा सूचना (2/2024-25) | MHS2425 A1532 | MHS2425 SLOB02188 |
| 2 | मानव संसाधन कार्य हेतु निविदा सूचना (2/2024-25) | MHS2425 A1532 | MHS2425 SLOB02190 |
| 3 | प्रशिक्षण में आवास व्यवस्था हेतु निविदा सूचना (2/2024-25) | MHS2425 A1532 | MHS2425 SLOB02191 |
| 4 | प्रशिक्षण में भोजन व्यवस्था हेतु निविदा सूचना (2/2024-25) | MHS2425 A1532 | MHS2425 SLOB02192 |
| 5 | फ्लेक्स / बैनर / मुद्रण कार्य हेतु निविदा सूचना (2/2024-25) | MHS2425 A1532 | MHS2425 SLOB02193 |
| 6 | लैव आयटम एवं केमीकल आदि सामग्री उपापन हेतु निविदा सूचना (2/2024-25) | MHS2425 A1532 | MHS2425 SLOB02194 |

(डॉ. धर्म सिंह मीना)
मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी,
सवाई माधोपुर (राज.)
DIPR/C/7282/2024



## कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी, चित्तौड़गढ़ ( राज. )

रेल्वे स्टेशन रोड़, चित्तौड़गढ़, टेलीफोन 01472-241587, E-mail:-deo.chittor .excise@rajasthan.gov.in

क्रमांक: प.14/आब./अभि./चित्तौड़/2024-25/192 दिनांक:- 14.08.2024

**वाहन नीलामी विज्ञप्ति**

इच्छुक बोलीदाताओं को सूचित किया जाता है कि राजस्थान आबकारी अधिनियम 1950 के अन्तर्गत दर्ज अभियोगों में जब्त किये गये वाहनों को सक्षम अधिकारियों द्वारा राजस्थान आबकारी अधिनियम 1950 की धारा 69 (4 व 7) के अन्तर्गत राजसात (Confiscation) किया जाकर सार्वजनिक रूप से नीलाम किया जाना हैं। वाहनों की नीलामी से संबंधित पुर्ण शर्ते एवं वाहनों की सूची विभागीय वेबसाईट https://excise.rajasthan.gov.in एवं SPPP वेबसाईट https://sppp.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है एवं किसी भी कार्य दिवस को कार्यालय में देखी जा सकती है। वाहनों की नीलामी कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी चितौडगढ के कार्यालय परिसर में राज्य सरकार द्वारा गठित कमेटी द्वारा दिनांक 30.08.2024 को प्रात 11:00 बजे से लगातार की जावेगी। वाहन जहां है, जिस स्थिति में हैं नीलाम किया जायेगा तथा नीलामी योग्य वाहन स्थानों में जहां खडे हुए है, जैसी स्थिति में है, देखे जा सकते है।

( गजेन्द्र सिंह राजपुरोहित )
जिला आबकारी अधिकारी, चित्तौड़गढ़



## जयपुर विकास प्राधिकरण

इन्दिरा सर्किल, जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर-302004

क्रमांक : जविप्रा/व.उ.वि./2024-25/29-32 दिनांक : 12.08.2024

**पूर्णकालीन बिड सूचना सं.-जविप्रा/व.उ.वि./2024-25/29 से 32**

आयुक्त, जयपुर विकास प्राधिकरण की ओर से प्राधिकरण के उद्यानिकी प्रवर्ग की उचित श्रेणी में पंजीकृत बोलीदाताओं एवं राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के सभी विभागों में 'अअ' व 'अ' श्रेणी में पंजीकृत बोलीदाताओं से ई-बिड (E-Procurement) निम्न विवरणानुसार आमंत्रित की जाती हैं :-

| S. No. | NIB No. | Name of Work | Tender Amount (In Lakh) | Sale/Download Date and End Date | Open Date |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 29 | Cleaning of main road and along path ways areas in Ramniwas Garden, Jaipur for 2 years UBN No. : JDA2425WSOB00226 | 17.37 | 14.08.2024 23.08.2024 | 28.08.2024 |
| 2 | 30 | Maintenance of Plants in median and greenbelt on tonk road from Ajmeri gate to sanganer flyover for 2 years maintenance. UBN No. : JDA2425WSOB00227 | 32.87 | 14.08.2024 23.08.2024 | 28.08.2024 |
| 3 | 31 | Development and maintenance of mahaveer nagar median near tonk road with 2 year maintenance. UBN No. : JDA2425WSOB00228 | 14.51 | 14.08.2024 23.08.2024 | 28.08.2024 |
| 4 | 32 | Development and maintenance of Geenbelt and median in Transport Nagar, Sikar road with 2 year maintenance. UBN No. : JDA2425WSOB00229 | 190.94 | 14.08.2024 23.08.2024 | 28.08.2024 |

नोट :
(1) बिड को बिना कारण बताये निरस्त किया जा सकता है।
(2) बिड E-Procurement के जरिए प्राप्त की जायेगी। बोलीदाता द्वारा पंजीयन प्रमाण-पत्र की प्रति प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है।
(2) बिड से सम्बन्धित शर्ते वेबसाईट www.jda.rajasthan.gov.in, http:/eproc.rajasthan.gov.in, sppp.rajasthan.gov.in पर अथवा वरिष्ठ उद्यानविज्ञ के कार्यालय (कमरा नं. NB SF-204) में देखी जा सकती है।

राज.संवाद/सी/24/3804 वरिष्ठ उद्यानविज्ञ



## कार्यालय अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस, ए.टी.एस. एवं एस.ओ.जी. राजस्थान, जयपुर

क्रमांक-प-9स(5)(1)स्टोर/एटीएस/2024-25/451 दिनांक-01.08.2024

**ई-बोली आमंत्रण सूचना**

विभिन्न प्रकार की निम्नलिखित आईटम प्रदाय करने हेतु ई-बोली आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 2.8.24 को प्रातः 11.00 बजे से प्रारंभ की जाकर वेबसाईट www.eproc.rajasthan.gov.in से डाउनलोड करके दिनांक 2.8.24 को प्रातः 11.00 बजे से दिनांक 22.8.24 को दोपहर 12.00 बजे तक निर्धारित दस्तावेजों के साथ ऑनलाइन इलेक्ट्रोनिक फोरमेट में वेबसाईट http://www.eproc.rajasthan.gov.in में अपलोड की जा सकती है। डाउनलोड करके ऑन लाइन अपलोड की गई बोली की निर्धारित बोली शुल्क, प्रोसेसिंग फीस वं निर्धारित फीस एवं निर्धारित बोली प्रतिभूति राशि के बैंकर चैक/डिमाण्ड ड्राफ्ट को स्केन करके अपलोड करना होगा तथा दिनांक 22.8.24 को दोपहर 12.00 बजे तक कार्यालय में भौतिक रूप से उपस्थित होकर प्रोसेसिंग फीस, बोली शुल्क एवं बोली प्रतिभूति राशि के बैंकर चैक/डिमाण्ड ड्राफ्ट जमा कराने होंगे। ई-बोली की तकनीकी बिड दिनांक 22.8.24 को सायं 3.00 बजे खोली जावेगी।

| क्र. सं. | वस्तु का नाम | अनुमानित मात्रा | कुल अनुमानित कीमत (रूपयों में) | बोली प्रतिभूति राशि (रूपयों में) | बोली दस्तावेज शुल्क (रूपयों में) | सप्लाई अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Image analysis software | 01 | 20,00,000 | नियमानुसार | 1000 | 30 दिवस |
| 2 | Photoshop | 01 | 1,35,000 | नियमानुसार | 500 | 30 दिवस |
| 3 | Training Terminals & Equipment's | 24 | 24,00000 | नियमानुसार | 1000 | 30 दिवस |
| 4 | IPDR Analysis Tool | 04 | 2,00,000 | नियमानुसार | 500 | 30 दिवस |
| 5 | Forensie Workstation | 01 | 14,00,000 | नियमानुसार | 1000 | 30 दिवस |
| 6 | Forensic Workstation Upgradation | 01 | 5,00,000 | नियमानुसार | 500 | 30 दिवस |
| 7 | Training Materials Printer | 04 | 2,00,000 | नियमानुसार | 500 | 30 दिवस |
| 8 | Firewalls | 03 | 6,00,000 | नियमानुसार | 500 | 30 दिवस |
| 9 | IP Grabber and Social Media Analysis Tools | 02 | 4,00,000 | नियमानुसार | 500 | 30 दिवस |
| 10 | P-Cap Data Analysis Tools | 01 | 3,00,000 | नियमानुसार | 500 | 30 दिवस |
| 11 | CRI Data Analysis Tools | 04 | 8,00,000 | नियमानुसार | 500 | 30 दिवस |
| | Total Amount | 89,35,000 | | | | |

विस्तृत बोली आमंत्रण सूचना, बोली की मुख्य शर्तें एवं अन्य विवरण बोली की वेबसाईट http://www.eproc.rajasthan.gov.in अथवा विभागीय वेबसाईट http://police.rajasthan.gov.in अथवा राजस्थान सरकार के राज्य लोक उपापन पोर्टल (sppp.raj.nic.in) पर देख सकते है।

| | UBN No. |
|---|---|
| 1. Image Analysis Software | ATS2425GLOB00004 |
| 2. Photoshop | ATS2425GLOB00005 |
| 3. Training Terminals & Equipment's | ATS2425GLOB00007 |
| 4. IPDR Analysis Tool | ATS2425GLOB00008 |
| 5. Forensie Workstation | ATS2425GLOB00009 |
| 6. Forensic Workstation Upgradation | ATS2425GLOB00010 |
| 7. Training Materials Printer | ATS2425GLOB00011 |
| 8. Firewalls | ATS2425GLOB00012 |
| 9. IP Grabber and Social Media Analysis Tools | ATS2425GLOB00013 |
| 10. P-Cap Data Analysis Tools | ATS2425GLOB00014 |
| 11. CRI Data Analysis Tools | ATS2425GLOB00015 |

पुलिस अधीक्षक
ए.टी.एस.
राजस्थान, जयपुर
DIPR/C/7151/2024

## सार-समाचार

### प्रसूता की मौत पर किया प्रदर्शन

**श्रीगंगानगर, (कासं)।** शहर के निजी अस्पताल में महावीर कॉलोनी की महिला की प्रसव के दौरान मौत का मामला ठंडा नहीं पड़ा है। मृतका प्रिया के परिजनों और विभिन्न संगठनों से जुड़े लोगों ने सोमवार को जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय पर प्रदर्शन कर प्रसव के दौरान और उसके बाद उपचार में लापरवाही बरतने पर डॉ. सुनीता सिहाग के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने तथा उसका चिकित्सकीय लाइसेंस रद्द करने की मांग की।प्रदर्शन में बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल हुई। प्रदर्शनकारी महिला चिकित्सक पर उपचार में लापरवाही का आरोप लगाते हुए उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर निष्पक्ष जांच की मांग कर रहे थे। प्रदर्शन के बाद विभिन्न संगठनों का प्रतिनिधिमंडल जिला पुलिस अधीक्षक से मिला और उन्हें चार सूत्री मागों का ज्ञापन सौंपा।ज्ञापन में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कर निष्पक्ष जांच करने, डॉ. सुनीता सिहाग का चिकित्सकीय लाइसेंस रद्द करने की अनुशंसा करने, हॉस्पीटल के बाहर, भीतर और ऑपरेशन थियेटर मे लगे सीसीटीवी की रिकॉर्डिंग उपलब्ध कराने तथा पोस्टमार्टम रिपोट की प्रति उपलब्ध कराने की मांग की गई है। हनुमानगढ़ रोड पर पावन धाम मंदिर के पास महावीर कॉलोनी के मुकेश कुमार लाटा की पत्नी प्रिया को प्रसव पीड़ा होने पर 7 अगस्त को एसएन सिहाग सुपर स्पेशलिटी हॉस्पीटल में भर्ती करवाया गया था। उसे जुड़॰वां बच्चे हुए। प्रसव के बाद प्रिया की मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि प्रसव के दौरान और उसके बाद उपचार मे लापरवाही बरतने से 8 अगस्त को प्रिया की मौत हो गई। राजकीय जिला चिकित्सालय में सोमवार शाम सात बजे एक गर्भवती महिला की उपचार के दौरान मौत हो गई। इससे आक्रोशित परिजनों ने चिकित्सालय के गायनिक वार्ड और लैबर रूम के बाहर हंगामा किया।सूचना मिलने पर चिकित्सालय की चौकी से और सदर पुलिस थाने से पुलिस जाब्ता मौके पर पहुंच गया। पीएमओ डॉ. दीपक मोंगा ने मौके पर डॉ. सुखपाल ङ्क्षसह बराड़ व डॉ. राजेंद्र गर्ग को भेजा। डॉक्टर्स ने मरीज के परिजनों से बातचीत की। कुछ देर बाद जिला चिकित्सालय के उप-नियंत्रक डॉ. बृजेश महावर मौके पर पहुंचे और मृतक महिला के परिजनों से बातचीत कर मामला शांत करने की कोशिश की। एक बार परिजन मृतक महिला का शव लेकर घर जा रहे थे, लेकिन बाद में नहीं गए। चिकित्सालय प्रशासन ने मृतक महिला का शव मोर्चरी में रखवा दिया है। वहीं, नर्सिंग स्टाफ व डॉक्टर्स का कहना है कि मरीज को बचाने की हरसंभव कोशिश की लेकिन उसे बचा नहीं पाए।

### कलेक्टर ने कार्मिकों को शपथ दिलाई

**बीकानेर, (कासं)।** हर घर तिरंगा अभियान के तहत बुधवार को जिले भर के कार्यालयों में एक साथ शपथ कार्यक्रम आयोजित हुआ। संभागीय आयुक्त वंदना सिंघवी एवं आईजी ओम प्रकाश ने संभागीय आयुक्त कार्यालय में समस्त कार्मिकों को तिरंगा फहराने की शपथ दिलाई।संभागीय आयुक्त ने हर घर तिरंगा अभियान को देश की एकता और अखंडता के प्रतीक के रूप में बताते हुए कहा कि यह देशभक्ति की भावना को और मजबूत करता है। उन्होंने आमजन को स्वतंत्रता दिवस हर्ष एवं उत्साह के साथ मनाने के साथ घरों, कार्यालयों और कार्यस्थलों पर झंडा फहराने का आव्हान किया। महानिरीक्षक पुलिस ओमप्रकाश ने कहा कि राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान व समर्पण के भाव सदैव रहने चाहिए।कार्यक्रम में अतिरिक्त संभागीय आयुक्त ओ.पी. बिश्नोई, नेशनल पैरा स्विमर पंकज सेवग सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।हीं जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने कलेक्ट्रेट परिसर में कार्मिकों को शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि आजादी की वर्षगांठ को राष्ट्रीय पर्व के रूप में मनाएं। इस दिन घर घर में तिरंगा फहराने के साथ इसके प्रति सम्मान की भावना का विकास हो। जिला परिषद में मुख्य कार्यकारी अधिकारी सोहनलाल ने शपथ दिलाई। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत स्तर तक यह कार्यक्रम हुए। इसी प्रकाश जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय, अल्पसंख्यक कार्यालय सहित अनेक सरकारी कार्यालयों में शपथ कार्यक्रम हुए।

### आमजन ने देखी प्रदर्शनी

**बीकानेर, (कासं)।** भारतीय स्टेट बैंक की पब्लिक पार्क शाखा परिसर में चल रहीं शिभाजन विभीषिका प्रदर्शनी् के दूसरे दिन जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद सोहन लाल और राजस्थानी भाषा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी के पूर्व सचिव डॉ् सत्यप्रकाश आचार्य ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस अवसर पर सोहन लाल ने कहा कि तीन दिवसीय प्रदर्शनी के दौरान आमजन को विभाजन की विभीषिका की जानकारी हो सकेगी। उन्होंने कहा कि आजादी की वर्षगांठ पूरे देश के लिए उत्सव है। इसे पूरे जोश और उत्साह के साथ मनाएं।डॉ सत्यप्रकाश आचार्य ने कहा कि देश को आजादी दिलाने में अनेक देशभक्तों ने अपना बलिदान दिया। ऐसे सभी देशभक्त हमारे लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। इससे पहले एसबीआई के जिला अग्रणी बैंक के मुख्य प्रबंधक यदुनंदन नारायण व्यासए शाखा प्रबन्धक ;पब्लिक पार्कद्ध महेंद्र मीणा मौजूद रहे। अग्रणी जिला बैंक के मुख्य प्रबन्धक व्यास ने बताया कि प्रदर्शनी में विभाजन की त्रासदी और इसके दुष्परिणामों को दर्शाने वाले छायाचित्र शामिल किए गए हैं। अग्रणी जिला बैंक अधिकारी कृष्ण कुमार ने आगुंतको का आभार व्यक्त किया।

### उपचुनाव 5 सितंबर को

**बीकानेर, (कासं)।** राज्य निर्वाचन आयोग ने प्रदेश की नगरीय निकायों में 31 मई 2024 तक विभिन्न कारणों से रिक्त हुए पदों के लिए चुनाव कार्यक्रम घोषित कर दिया है। इस कार्यक्रम के अनुसार नगर निगम क्षेत्र में वार्ड संख्या तीन में उप चुनाव होगा। निर्दलीय पार्षद राजेश कच्छावा के निधन से रिक्त हुए स्थान के कारण उप चुनाव होगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी एवं सचिव संचिता बिश्नोई की ओर से जारी चुनाव कार्यक्रम के अनुसार नगरीय निकायों में सदस्य पदों को भरने के लिए होने वाले उप चुनाव के लिए लोक सूचना 20 अगस्त को जारी होगी। लोक सूचना जारी होने के साथ ही नामांकन पत्र भरने की प्रक्रिया प्रारंभ हो जाएगी। 24 अगस्त तक नामांकन पत्र भरे जा सकेंगे। नामांकन पत्रों की जांच 27 अगस्त, नाम वापसी की तिथि 29 अगस्त है। चुनाव चिह्नों का आवंटन 30 अगस्त को होगा। निगम पार्षद के लिए उप चुनाव 5 सितंबर को प्रात: 7 बजे से शाम 5 बजे तक होगा। मतगणना 6 सितंबर को प्रात: 9 बजे होगी।निकाय सदस्य उप चुनाव कार्यक्रम में लोक सूचना जारी 20 अगस्त। नामांकन पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 24 अगस्त। नामांकन पत्रों की संवीक्षा 27 अगस्त। अभ्यर्थिता वापस लेने की तिथि29 अगस्त चुनाव चिह्नों का आवंटन 30 अगस्त। मतदान तिथि व समय 5 सितंबर प्रात: 7 बजे से शाम 5 बजे तक मतगणना 6 सितंबर प्रात: 9 बजे होगी।

# भाजपा ने विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर मौन जुलूस

**बीकानेर, (कासं)।** भारत के विभाजन के दर्द को याद करते हुए भारतीय जनता पार्टी बीकानेर शहर जिलाध्यक्ष विजय आचार्य की अगुवाई में 'विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस' पर मौन जुलूस निकाला। स्वतंत्रता मिलने से ठीक पहले यानी आज के दिन भारत का बंटवारा हो गया था इसी की याद में भाजपा जिला पदाधिकारियों के साथ सिंधु सभा के पदाधिकारियों ने कलेक्ट्रेट से गांधी पार्क तक पैदल मौन जुलूस निकाला गया।

शहर जिलाध्यक्ष विजय आचार्य ने कहा जिस तरह विभाजन में दोनो देशों को अलग किया गया कुछ लोगो ने इसको कांग्रेस की विभाजनकारी नीतियों का परिणाम बताया कुछ ने इसको जिन्ना की जिद बताया कुछ ने प्रधनमंत्री जवाहरलाल नेहरू की प्रधानमंत्री बनने की लालसा बताया इस विभीषिका में डेढ़ करोड़ लोगो को अपने ही घर में रिफ्यूजी बनकर रहना पड़ा हजारों की संख्या में महिलाओं और हिन्दुओं के अपरहण हुए भारत के इतिहास के इस अमानवीय अध्याय को कभी नहीं भुलाया जा सकता विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस युवा पीढ़ी को देशवासियों की पीड़ा की याद दिलाएगा नागरिकों को हमेशा के लिए शांति व सद्भाव बनाए रखने के लिए प्रेरित करेगा विभाजन की हिंसा और घृणा ने लाखों लोगों की जान ले ली आज विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर बंटवारे का दंश झेलने वाले लाखों लोगों को नमन करता हूं। अखिल भारतीय सिन्धु सभा के किसन सदारंगानी ने कहा विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस देश की युवा पीढ़ी को विभाजन के दौरान लोगों द्वारा सही गई यातना एवं वेदना का स्मरण कराएगा और देशवासियों को देश में सदा शांति और सद्भाव बनाए रखने के लिए प्रेरित भी करेगा वर्ष 1947 में भारत के विभाजन के दौरान हुए सांप्रदायिक दंगों में लाखों लोग विस्थापित हुए थे और बड़ी संख्या में लोग मारे गए थे। आज के इस मौन जुलूस में भाजपा जिला महामंत्री मोहन सुराणा, श्याम पंचारिया, नरेश नायक, श्याम सुंदर चौधरी, उपाध्यक्ष हनुमान सिंह चावड़ा, विजय उपाध्याय, बाबूलाल गहलोत, जितेंद्र राजवी, जिला मंत्री मनीष सोनी, सांगीलाल गहलोत, जगदीश सोलंकी, भारती अरोड़ा, अनु सुथार, अखिल भारतीय सिन्धु सभा के किसन सदारंगानी, मानसिंह हासानन्द, किशोर मामनानी भाजपा नेता राजेश गहलोत, सुशील शर्मा, अजय खत्री, चंद्र गहलोत, विनोद करोल, कमल आचार्य, जेठमल नाहटा, चंद्र मोहन जोशी, राजाराम सीगड़, सोहन चांवरिया, अयूब क्यामखानी, राम कुमार व्यास, परी वर्मा, पवन भाटी उपस्थित रहे।



भाजपा ने विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर मौन जुलूस निकाला।

# श्रीगंगानगर में तिरंगा रैली निकाली


गंगानगर विधायक जयदीप बिहाणी के नेतृत्व में तिरंगा रैली निकाली।

**श्रीगंगानगर, (कासं)।** स्वतंत्रता दिवस से एक दिन पहले गंगानगर देशभक्ति के रंग में रंगा नजर आया। सड़कों पर बाइक, कार, जीप, स्कूटर, ट्रैक्टर सहित अन्य वाहनों पर तिरंगा झंडा थामे हजारों आमजन और उनकी अगुवाई करते गंगानगर विधायक जयदीप बिहाणी। मौका था गुरुवार को विधायक जयदीप बिहाणी के नेतृत्व में निकाली गई तिरंगा यात्रा का।

गुरुवार सुबह विधायक सेवा केंद्र से रवाना होकर तिरंगा यात्रा चांडक आवास फार्म, स्वामी दयानंद मार्ग, अंबेडकर चौक, गांधी चौक, रेलवे स्टेशन मार्ग, गंगा सिंह चौक, भगत सिंह चौक, कोडा चौक, उधम सिंह चौक, राधेश्याम निवास मार्ग, गौशाला मार्ग से होते हुए भारत माता चौक पहुंची। इस दौरान रास्ते भर में जगह-जगह तिरंगा यात्रा का गर्मजोशी से स्वागत किया गया।

हाथों में तिरंगा झंडा थामे विधायक बिहाणी सबसे आगे चल रहे थे। उनके नेतृत्व में हजारों लोगों ने तिरंगा झंडा थामे और भारत माता की जय के नारे लगाते हुए देशभक्ति गानों की धुनों पर उत्साहपूर्वक तिरंगा यात्रा में भाग लिया। भारत माता चौक पहुंचकर यात्रा का समापन हुआ। इस दौरान जिला कलक्टर श्री लोकबंधु, एसपी गौरव यादव, नगर परिषद सभापति श्रीमती गगनदीप कौर पांडे, नगर परिषद आयुक्त यशपाल आहुजा, हरविंदर पांडे, प्रदीप धेरड़, संजय महिपाल, श्री शरणपाल सिंह मान, पृथ्वीपाल सिंह संधू, श्रीमती लता चौधरी, तरसेम गुप्ता, कपिल असीजा, बृजमोहन यादव सहित बड़ी संख्या में आमजन मौजूद रहे।

### ओरियंटेशन कार्यक्रम अभिनंदन का आयोजन

**बीकानेर,(कासं)।** स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय में बुधवार को कृषि व्यवसाय प्रबंधन संस्थान( आईएबीएम) में नए विद्याथिर्यों के प्रवेश पर ओरियंटेशन कार्यक्रम "अभिनंदन-2024" का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कुलपति डॉ अरुण कुमार, विशिष्ट अतिथि कुलसचिव डॉ देवा राम सैनी और अनुसंधान निदेशक डॉ विजय प्रकाश शर्मा थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता आईएबीएम निदेशक डॉ आई पी सिंह ने की।

इस अवसर पर कुलपति डॉ अरुण कुमार ने विद्याथिर्यों को सफल होने के लिए गोल निर्धारित करके संकेंद्रित प्रयासों के साथ आगे बढ़ने हेतु प्रेरित किया। साथ ही कहा कि विद्यार्थी खुली आंखों से सपने देखें और उसे पूरा करने के लिए पूरी प्लानिंग से जुट जाए तो सफलता मिलनी निश्चित है।

कुलपति ने गोद लिए गए गांव पेमासर में स्वयं सहायता ग्रुप बनाने और गांवों से भी एंटरप्रेन्योर तैयार करने की बात कही। कृषि विश्वविद्यालय के आईएबीएम में राज्य सरकार द्वारा जल्द ही एग्रीकल्चर एक्सलेरेटर सेंटर खोले जाने की बधाई देते हुए कहा कि इससे स्टार्टअप शुरू करने वालों और एंटरप्रेन्योर को बड़ा फायदा मिलेगा।

### बैठक आयोजित

**बीकानेर, (कासं)।** समाज का सबसे प्रतिष्ठित, संपन्न एंव शीर्ष संगठन ङअखिल भारतीय श्री ब्राह्मण स्वर्णकार महासभाङ के त्रिवार्षिक चुनाव 02 सितम्बर 2024 को मोदराण मे होना तय हुआ है। चुनाव में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव एवं कोषाध्यक्ष के साथ नई कार्यकारिणी चुनी जाएगी। इस चुनाव हेतु बीकानेर समाज के योगदान की महत्ती भूमिका पर चर्चा हयी। इस चर्चा में पूर्व महासभा अध्यक्ष श्रीमती मनीषा आर्य, प्रेमप्रकाश महेचा, राजाराम स्वर्णकार, कन्हैयालाल मथरिया, महेंद्र कट्टा व गणेश सोनी ने भाग लिया।

# गांरटी अवधि में टूट रही सड़कें

**बीकानेर, (कासं)।** सार्वजनिक निर्माण विभाग की ओर से खाजूवाला से 365 हैड तक सड़क निर्माण कार्य करवाया जा रहा हैं। यह सड़क खाजूवाला से 365 हैड श्रीगंगानगर के अन्तराष्ट्रीय सीमा पर बसे कई गावों और ढाणियों को जोड़ने वाली है। इस सड़क से बीएसएफ, विद्यालय व महाविद्यालय के विद्याथिर्यों तथा ग्रामीणों का आवागमन रहता है। यह सड़क भारी वाहन गुजरने पर धंस रही हैं। इस सड़क का निर्माण कार्य क्षेत्रवासियों की ओर से बार-बार अनुरोध करने पर लम्बे समय के बाद शुरू किया गया है। इस पर ग्रामीणों ने 18 जुलाई को 2 केडब्यूएम में सम्भागीय आयुक्त वंदना सिंघवी को रात्रि चौपाल में ज्ञापन सौंपा था। इस पर सम्भागीय आयुक्त ने आश्वासन दिया कि इसकी निष्पक्ष जांच होगी, लेकिन अभी तक कोई जांच कमेटी नहीं आई। पहले बनी सडक टूट रही है। उसके ऊपर दूसरी परत बिछाई जा रही है। इस सड़क निर्माण कार्य में तय मानकों और गुणवता का ध्यान नही रखा जा रहा हैं। ठेकेदार द्वारा मनमाने तरीके से कार्य किया जा रहा हैं। ग्रामीणों की ओर से बार-बार घटिया निर्माण कार्य का विरोध करने पर भी कोई सुनवाई नहीं हो पा रही है। ग्रामीणों की ओर से घटिया निर्माण कार्य की शिकायत के लिए खाजूवाला स्थित सार्वजनिक निर्माण विभाग के कार्यालय जाने पर बन्द मिलता हैं। विभाग के अधिकारियों को दूरभाष पर सुचित करने के बाद भी निर्माण कार्य में सुधार नहीं किया गया। ज्ञापन में मुख्य सड़क का निर्माण कार्य तय मानकों व गुणवत्ता के साथ करवानें के निर्देश देने व घटिया निर्माण कार्य की जांच करवाकर कार्रवाई की मांग की गई है।

## सार-समाचार

### युवक की हत्या का आरोप

**सूरतगढ़ सिटी, (कासं)।** पुलिस थाना क्षेत्र में पुरानी रंजिश को लेकर एक दर्जन जनों ने एक युवक का अपहरण कर लाठियों व गंडासियों से हमलाकर घायल कर भोजेवाला रोड पर फेंक दिया। जिसकी श्रीगंगानगर के निजी चिकित्सालय में इलाज के दौरान मौत हो गई। सूचना मिलने पर परिजन व ग्रामीणों ने इस मामले में सभी आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग को लेकर सिटी पुलिस थाना के समक्ष रोष प्रदर्शन किया तथा डीएसपी कार्यालय के पास बीकानेर रोड पर करीब आधे घंटे तक जाम भी लगाया। पुलिस अधिकारियों की समझाइश के बाद ग्रामीणों ने जाम को खोला। इससे वाहन चालकों ने राहत की सांस ली। दोपहर में डीएसपी कार्यालय में दो दौर की वार्ता हुई। इसमें सभी आरोपियों को गिरफ्तार करने व शव का पोस्टमार्टम सीएचसी की मोर्चरी में मेडिकल बोर्ड से करवाने पर सहमति हुई। इसके बाद श्रीगंगानगर से शव सूरतगढ़ सीएचसी लाया गया। यहां शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंपा गया।सिटी पुलिस ने बताया कि किशनपुरा ढाणी निवासी जीतराम पुत्र धुंकलराम जाट ने रिपोर्ट दी कि उसका भांजा चक चार एसएमआर सोमासर निवासी अशोक कुमार(22) पुत्र लालचंद के साथ भोजेवाला निवासी महेन्द्रसिंह व मनोहरसिंह पुत्र बलसिंह राजपूत लम्बे समय से रंजिश रख रहे हैं। सात अगस्त कोेे मनोहरसिंह व महेन्द्रसिंह आदि कई लोग तीन गाडिय॰ा लेकर सोमासर में अशोक पर हमला करने गए थे, लेकिन ग्रामीणों के एकत्रित होने पर सभी आरोपी भाग गए। सोमवार शाम को उसका भांजा अशोक कुमार अपने दोस्त वार्ड पांच सूरतगढ़ निवासी नरेश पुत्र कालूराम के साथ गांव सोमासर से ननिहाल किशनपुरा ढाणी आ रहा था। शाम करीब साढ़े सात बजे किशनपुरा ढाणी के पास सडक़ पर बिछी बरड़े पर पहुंचे तो नरेश व अंकित भागकर उसके पास आए। नरेश ने उसे बताया कि हम किशनपुरा ढाणी आ रहे थे तो बरडा रोड पर दो स्विफ्ट गाडिय॰ा लेकर मनोहर सिंह, महेन्द्र सिंह, सुनील पुत्र महेन्द्र सिंह, सूरतगढ़ निवासी अमन राजपूत, संदीप राजपूत, जीतू राजपूत, नौरंग, हनी राजपूत, कमल निर्वाण व तीन अन्य लोगों ने घेर लिया।इस दौरान अमन, मनोहर व सुनील ने पिस्तौल निकाल लिए और बाकी लोग लाठियों से मारने लगे। इस दौरान वे भागकर दूर चले गए।अशोक को उन लोगों ने लाठिया मारकर पिस्तौल का भय दिखाकर अमन, मनोहर, सुनील व महेन्द्र ने जबरन गाड़ी में डाल लिया और भोजेवाला की तरफ ले गए।

### नकदी हड़पने व जेवरात चोरी का मामला

**भादरा, (कासं)।** गांव रासलाना के एक व्यक्ति ने भादरा पुलिस थाने में तीन महिलाओं व दो व्यक्तियों के विरुद्ध शादी के बहाने दो लाख रुपए हड़पने व घर से जेवरात चोरी करने का मामला दर्ज कराया। पुलिस के अनुसार रासलाना निवासी अशोक पुत्र शिवमोहन शर्मा ने रिपोर्ट दी कि उसका छोटा भाई संजय कुंवारा है। उसका रिश्ता करवाने के लिए हमारे रिश्तेदार सत्यनारायण शर्मा निवासी हिसार ने सात रोड स्थित एक महिला राधे के बारे में रिश्ते करवाने की जानकारी दी। राधे से सम्पर्क करने पर उसने भाई संजय का विवाह रमन पुत्री ओमप्रकाश निवासी रानिया तहसील ऐलनाबाद से कराने की बात कहकर दो लाख रुपए खर्चा देने को कहा। उसने कहा कि रमन अपने चाचा के पास रहती है। दोनों तरफ से बात तय होने के बाद 20 जुलाई को गोद भराई रानिया में की गई। इसमें आरोपी राधे, ऊषा व उसका पति, रमन व उसके चाचा मिले। उन्होंने उससे 50 हजार रुपए नकद ले लिए। इसके बाद 22 जुलाई को टीका रस्म के बहाने 50 हजार रुपए फिर लेकर चले गए। पांच अगस्त को संजय का विवाह यश होटल डाबड़ा चौक में करवा कर दोनों आरोपी महिलाओं ने उनसे एक लाख रुपए और ले लिए। विवाद के बाद रमन दो दिन तो संजय के साथ रही। आठ अगस्त को वह ससुराल पक्ष की ओर से दिए गए सोने के झुमके, मंगलसूत्र, सोने की चेन, अंगूठी, पाजेब, घर में रखे 50 हजार रुपए तथा अपनी सास के जेवरात लेकर चुराकर अपने चाचा सोनू व ऊषा के पति के साथ चली गई। इस संबंध में जब ऊषा से संपर्क किया तो उसने कहा कि अब कोई दुल्हन नहीं मिलेगी। इस तरह ठगना ही हमारा धंधा है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### कन्या छात्रावास का लोकार्पण 15 को

**बीकानेर,(कासं)।** चौधरी चरण सिंह कन्या छात्रावास तिलक नगर बीकानेर का आधिकारिक लोकार्पण 15 अगस्त 2024 को सुबह 10:00 बजे रखा गया हैत कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केबिनेट मंत्री सुमित गोदारा, विशिष्ट अतिथि सुशीला डूडी, विधायक नोखा, सीताराम जाट निदेशक प्रारम्भिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर एवं एमपी पूनिया पूर्व उपाध्यक्ष एआइसीटीसी दिल्ली होंगे। इस अवसर पर छात्रावास व छात्रावास में नवनिर्मित आधुनिक किचन, डाइनिंग और कंप्यूटर लाइब्रेरी का भी लोकार्पण किया जायेगा।संस्था सचिव भरत कुमार ठोलिया ने बताया कि बीकानेर मे जाट समाज कि होनहार बेटियों के लिए छात्रावास कि बहुत लम्बे समय से आवश्यकता महसूस हो रही थी। समाज के दानवीरों के आर्थिक सहयोग से पूर्णतया सुसज्जित 70 कमरे, भोजन कक्ष, रसोईघर, ई लाइब्रेरी एव कंप्यूटर लैब सहित विशाल भवन का निर्माण कार्य पूरा कर जाट समाज की 120 होनहार बेटियों को प्रवेश भी दे दिया गया है। संस्था के उपाध्यक्ष बिशना राम सियाग ने छात्रावास के भोजनालय एवं किचन को आधुनिक संयंत्रों एवं साजो-सामान से सुसज्जित करवाया हैत एमपी पूनिया ने छात्रावास के कम्प्यूटर लेब मे 42 कम्प्यूटर उपलब्ध करवाए है। संस्था के सदस्य मोहन कस्वां ने छात्रावास में मीटिंग हाल मय पैंटरी निर्माण का जिम्मेदारी ली है। करमा बाई जाट महिला संस्था की अध्यक्ष अलका चौधरी ने नव निर्माण के लिए एक लाख रूपये की राशि उपलब्ध करने के साथ इस छात्रावास के लिए निशुल्क मार्गदर्शन प्रदान करने का निणर्य लिया है।

### क्विज प्रतियोगिता में ज्योति अव्वल

**बीकानेर,(कासं)।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय शिवबाडी बीकानेर मैं भारतीय मानक ब्यूरो की ओर से बनाए गए मानक क्लब के तत्वावधान में क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में ज्योति बालोटिया प्रथम, अजीत दान द्वितीय, विशाल चौहान तृतीया, दिव्या भाटिया ने चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में मानक क्लब के मैंटर टीचर मुकेश मोदी के द्वारा सभी छात्र-छात्राओं को मानक क्लब एवं इसकी विभिन्न गतिविधियों की जानकारी प्रदान की गई।

### खातुन बेगम बनी कार्यवाहक चेयरमैन

**बीकानेर, (कासं)।** पूर्व चैयरमैन मंजूर अली टाक की पत्नी खातुन बेगम, डीएलबी ने कल किया था चैयरमैन मोनिका खटोतिया को निलंबित, अब खातुन बेगम को बनाया गया कार्यवाहक चैयरमैन, निदेशक सुरेश कुमार ओला ने जारी किये आदेश, मदरसा बोर्ड की पूर्व चैयरमैन मेहरुन्निसा टाक की सास हैं खातून।

# विद्यालयों में रहेगी खेलकूद की धूम

**बज्जू, (कासं)।** स्कूलों में अगस्त व सितंबर का महीना खेलकूद के नाम रहने वाला है। जिला व राज्य स्तर पर एक बार फिर स्कूली बच्चों में खेलों का रोमांच देखने को मिलेगा। शिक्षा विभाग की ओर से जारी खेल कैलेंडर के अनुसार विद्यालयी स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताएं करवानी होगी। जबकि 20 अगस्त से जिला स्तर पर खेलकूद आयोजित होंगे। राज्य स्तर पर खेलों का रोमांच 7 सितंबर से परवान चढ़ेगा। सत्र 2024-25 की 68वीं जिला एवं राज्य स्तरीय माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक 17 व 19 आयु वर्ग छात्र-छात्रा खेलकूद के आयोजन को लेकर प्रतियोगिता पंचांग जारी किया गया है। पंचांग के अनुसार चार समूह में खेलकूद प्रतियोगिताएं होगी। इसमें 33 खेल शामिल किए गए। दूसरी ओर देरी से जारी हुए खेल पंचांग से विद्याथिर्यों को खेलों का अभ्यास करने का मौका नहीं मिलने की भी चिंता है। शारीरिक शिक्षक प्रकाश मेघवाल, कैलाश खिलेरी, बाबूलाल मेघवाल, त्रिलोकचंद राठौड़ आदि ने बताया कि बारिश में खिलाड॰ियों को अभ्यास में परेशानी होगी। वहीं प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले खिलाडियों को भी अभ्यास का पूरा मौका नहीं मिल पा रहा है। साथ ही टेनिस बॉल क्रिकेट को भी शामिल करना चाहिए।

पंचांग में लगौरी (सतौलिया), टग ऑफ वार (रस्साकशी), कूडो, कैरम, मार्शल स्कॉय, आस्थे दा अखाड़ा, पॉवर लिटिंग, स्पीड बॉल, थ्रो बॉल, रोल बॉल, शूटिंग बॉल, बाल बैडमिंटन, टेनिस वॉलीबॉल, टेनिस क्रिकेट, टेनिस बॉल क्रिकेट व सुपर सेवन क्रिकेट शामिल नहीं है। विद्यालय स्तर पर चारों वर्ग की प्रतियोगिताएं 14 अगस्त से पूर्व करवानी होगी। जबकि स्कूलों में ना तो आयोजन की कोई तैयारी शुरू हुई और ना हीं खेलों की।जिला स्तर पर प्रथम समूह की प्रतियोगिताएं 20 से 24 अगस्त तक, द्वितीय समूह की 27 से 31 अगस्त, तृतीय समूह 6 से 10 सितंबर तथा चतुर्थ समूह की 17 से 21 सितंबर तक आयोजित होगी। राज्य स्तर पर प्रथम समूह में 7 से 13 सितंबर, द्वितीय समूह का 17 से 23 सितंबर, तृतीय समूह का 26 सितंबर से 2 अक्टूबर व चतुर्थ समूह का 7 से 13 अक्टूबर तक खेलों का रोमांच रहेगा। खेल पंचांग में इस बार फिर से सरकार ने ग्रामीण खेलकूद को नजर अंदाज किया है।

# हर घर तिरंगा हमारी आन बान शान का प्रतीक : सिद्धि कुमारी

**बीकानेर,(कासं)।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा हर घर तिरंगा अभियान के तहत रानी बाजार मण्डल व शिवबाड़ी मण्डल द्वारा संयुक्त रूप से आज राजकीय उच्च माध्यमिक विधालय दक्षिण विस्तार पवनपुरी में सेकड़ो की सँख्या में एकत्रित विद्याथिर्यों ने तिरंगा झंडे वितरण कर रैली निकाली गई। इस दौरान पूरा क्षेत्र भारत माता की जंय के नारों से गुंजायमान हो उठा इस कार्यक्रम में बीकानेर पूर्व की विधायक सिद्धि कुमारी मुख्य अतिथि उपस्थित रही।

विधायक सिद्धि कुमारी ने सम्बोधित करते हुए स्वतंत्रता दिवस की महत्ता पर प्रकाश डाला उन्होंने कहा कि हर घर तिरंगा हमारी आन बान शान का प्रतीक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हर घर पर तिरंगा लगाने का आव्हान किया है जिससे देश के लोगो मे अपने देश से प्रेम की अलख जगेगी और हर देशवासी गर्व की अनुभूति करेगा रानीबाजार मण्डल अधक्ष नरसिंह सेवग ने बताया कि तिरंगा फहराने के नियम क्या है शिवबाड़ी मण्डल अध्यक्ष अभय पारीक ने विद्याथिर्यों को पर्यावरण हेतु एक पेड़ लगाने को कहा स्कूल की प्राचार्य ने सिद्धि कुमारी का शाल उढ़ाकर सम्मान किया व स्कूल के अध्यापक रवि आचार्य ने पूरे स्कूल की तरफ से भगवान श्री राम की तस्वीर सिद्धि कुमारी को भेंट कर सम्मान किया इस कार्यक्रम में भाजपा जिला मंत्री मनीष सोनी, पार्षद पुनित शर्मा, जमनलाल गजरा, अरुण जैन, सुरेश भसीन, धर्मेंद्र सिंह, अजय कसेरा, पुखराज स्वामी, ज्योति विजयवर्गीय, कुणाल लिखा, प्रमिला गौतम, मुकेश सैनी, आनंद शुक्ला, सोमेश शर्मा, विजय कुमार शर्मा, अरुण सोलंकी सहित आसपास के क्षेत्र के निवासी व स्कूल का स्टाफ उपस्थित रहा।


विधायक सिद्धि कुमारी ने भाजपा नेताओ के साथ स्कूल में बांटे तिरंगे।


**कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)**

क्रमांक :- नियमन/ 2024 / 3810 दिनांक : 12/08/2024

**सार्वजनिक आपत्ति सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री संजय कुमार गोदारा पुत्र श्री यशपाल सिंह निवासी बी-3/3 पटेल नगर, बीकानेर के द्वारा न्यास क्षेत्र में स्थित भूखण्ड का न्यास रिकार्ड में नामान्तरण हेतु आवेदन किया गया है। उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में न्यास रिकार्ड एवं आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज की स्थिति निम्नानुसार है :-

| न्यास रिकार्ड के अनुसार भूखण्ड का विवरण | | आवेदक के द्वारा भूखण्ड के नामान्तरण हेतु प्रस्तुत दस्तावेजों का विवरण |
|---|---|---|
| भूखण्ड का विवरण | मूल भूखण्डधारी | दस्तावेज का विवरण |
| चक 3 ए छोटी मुरब्बा नं. 44 के किला नं. 16 में माप 25 इन्टू 51.6 फीट भूखण्ड संख्या 1, सिहाग कॉलोनी, श्रीगंगानगर | उक्त भूखण्ड का आवासीय पट्टा संख्या 17225 दिनांक 11.11.2022 को श्री मदन रावल पुत्र श्री कन्हैयालाल के नाम से जारी किया हुआ है। वर्तमान में उक्त भूखण्ड इन्हीं के नाम से दर्ज है। | श्री संजय कुमार गोदारा द्वारा उक्त भूखण्ड को जरिये पंजीकृत बैयनामा 13.06.2024 के द्वारा क्रय कर नामान्तरण करवाने हेतु न्यास में ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत किया है। |

इस प्रकार उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में उपर्युक्तानुसार दस्तावेजों की प्रति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर नामान्तरण चाहा गया है इस सम्बन्ध में श्री संजय कुमार गोदारा पुत्र श्री यशपाल सिंह निवासी बी-3/3 पटेल नगर, बीकानेर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज के संबंध में कोई आपत्ति है तो सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस में पुख्ता दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति/ उजर/ दावा निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते है। उक्त अवधि के दौरान इस भूखण्ड से सम्बन्धित समस्त दस्तावेजों को आमखास/ हितबद्ध व्यक्ति के देखने व पढ़ने के लिये कार्यालय समय में खुला रखा गया है। बाद मियाद प्रकरण का निस्तारण कर दिया जावेगा एवं कोई आपत्ति/ उजर स्वीकार नहीं होगा। आवेदन संख्या :- SGNR/FY24-25/MUT/518 - सचिव नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

**राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)**

Telefax No. 0154-2466652, Email :- SECYUIT.SGNR@RAJASTHAN.GOV.IN

Off. Add:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001

क्रमांक :- नियमन/2024/3819 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 14.08.2024

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री विकास मेहता पुत्र श्री छिन्द्रपाल मेहता निवासी पीई-13 उद्यमसिंह पार्क, पंजाबी सिटी, श्रीगंगानगर के द्वारा न्यास क्षेत्र में स्थित भूखंड का न्यास रिकार्ड में नामान्तरण हेतु आवेदन किया गया है। उक्त भूखंड के सम्बन्ध में न्यास रिकार्ड एवं आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज की स्थिति निम्तानुसार है :-

| न्यास रिकार्ड के अनुसार भूखंड का विवरण | | आवेदक के द्वारा भूखंड के नामांतरण हेतु प्रस्तुत दस्तावेजों का विवरण |
|---|---|---|
| भूखण्ड का विवरण | मूल भूखण्डधारी | दस्तावेज का विवरण |
| चक 3 ए छोटी मुरब्बा नं. 10 के किला नं. 1,2 में माप 30 इंटू 50 फीट भूखंड संख्या जी-26, अम्बिका सिटी, श्रीगंगानगर | उक्त भूखंड का आवासीय पट्टा सं. 4723 दिनांक 6.8.2007 को श्री सत्यपाल पुत्र श्री चिरंजीलाल, लेखराम पुत्र श्री इन्द्रमल एवं श्रीमती संतोष देवी पत्नी श्री विजय कुमार के नाम से जारी किया हुआ है। वर्तमान में उक्त भूखंड इन्हीं के नाम से दर्ज है। | श्री विकास मेहता द्वारा उक्त भूखंड को जरिये पंजीकृत बैयनामा दिनांक 8.4.2024 के द्वारा प्राप्त कर उक्त भूखंड के नामांतरण बाबत न्यास में आवेदन प्रस्तुत किया है। |

इस प्रकार उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में उपर्युक्तानुसार दस्तावेजों की प्रति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर नामान्तरण चाहा गया है इस संबंध में श्री विकास मेहता पुत्र श्री छिन्द्रपाल मेहता निवासी पीई-13 उद्यमसिंह पार्क, पंजाबी सिटी, श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज के संबंध में कोई आपत्ति है तो सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस में पुख्ता दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति/उजर दावा निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते है। उक्त अवधि के दौरान इस भूखण्ड से सम्बन्धित समस्त दस्तावेजों को आमखास हितबद्ध व्यक्ति के देखने व पढ़ने के लिये कार्यालय समय में खुला रखा गया है। बाद मियाद प्रकरण का निस्तारण कर दिया जायेगा एवं कोई आपत्ति/उजर स्वीकार नहीं होगा। आवेदन सं. :- SGNR/FY24-25/MUT/556 सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

# उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने मेड़ता सिटी का दौरा किया

## उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने मेड़ता सिटी में आयोजित मीरा जयंती महोत्सव में भाग लिया

**मेड़ता सिटी,** (निसं)। राजस्थान की उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने मेड़ता सिटी में आयोजित मीरा जयंती महोत्सव में बुधवार को भाग लिया इसके साथ ही मीरा स्मारक में आयोजित आम सभा को संबोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने मेड़ता के विधायक लक्ष्मण राम कलरु की मांग पर मीरा जयंती महोत्सव को राजकीय कैलेंडर में शामिल करने की घोषणा की, इस पर उपस्थित जनता ने खुशी का इजहार करते हुए दीया कुमारी का आभार व्यक्त किया।

वही दीया कुमारी ने मीडिया से रूबरू होते हुए कहा कि मीरा जयंती महोत्सव को और अधिक ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए इसे राजकीय कैलेंडर में शामिल किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि मीराबाई स्मारक में पर्यटन की दृष्टि से विकास कार्य किए जाएंगे और मीरा नगरी मेड़ता सिटी को पूरे देश में प्रमोट किया जाएगा। उन्होंने कहा, मीरा जयंती महोत्सव हमारी संस्कृति और परंपरा का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। हम इसे और अधिक ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए प्रयास किया जाएगा। इतना ही नहीं




समिति के सदस्यो ने उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी का अभिनंदन किया।

उपमुख्यमंत्री ने विधायक द्वारा की गई जो भी मांगे हे जिसमे जसनगर बाईपास, मेडता रिंग रोड, और भी जो कार्य ही उसको अधिकारियों को प्रस्ताव बनाने के आदेश भी दिए ।

वही युवा भाजपा नेताओं द्वारा उपमुख्यमंत्री को तलवार भेट की गई। मेड़ता विधायक लक्ष्मण राम कलरू, जनता प्रधान संदीप चौधरी व मीरा जयंती महोत्सव के नरेंद्र लाहोटी, रामेश्वर थिरोदा नारायण पारिक, पुखराज कमेडिया, महेंद्र शर्मा , सुनील चौधरी, कृष्ण कांत दय्या, राहुल कछावा, महेश सेन, सुनील पुरोहित सहित कई पदाधिकारियों ने 51 किलो की माला पहना कर उपमुख्यमंत्री का अभिनंदन किया। इस मौके पर महंत हरिनारायण महाराज , संजीव चौधरी , नवारतन्मल सिंघवी , योगेश , शोभाराम जयपाल, राजवीर जाजड़ा, अभिमन्यु शर्मा, जितेंद्र गहलोत, उमा शर्मा रजत, ममता लाहोटी , शोभा लाहोटी, सरिता टाक, स्वेता सोनी, लीला बोराणा सहित कई गणमान्य

- **मीरा जयंती महोत्सव को राजकीय कैलेंडर में शामिल करने की घोषणा**

नागरिक मौजूद थे।

**उपमुख्य मंत्री का किया स्वागत :-** राजपूत समाज की महिलाओं द्वार पारंपरिक वेशभूषा ओरणा ओढ़ा कर स्वागत किया वही अन्य महिलाओं ने राजस्थानी साफा पहना कर अभिनंदन किया।

**प्रशासन रहा अलर्ट :-** उप मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर मेड़ता उपखंड अधिकारी पूनम चोयल, रिया उपखंड अधिकारी सुरेश के एम, मेडता व्रताआधिकार पिंटू कुमार, मेडता थानाधिकारी राजबीर सिंह, सहित अन्य विभागों के आला अधिकारियों ने अलर्ट मोड पर रहे । वही पर्यटन विभाग की जयपुर से आई टीम ने मीरा स्मारक का उपमुख्यमंत्री से साथ स्मारक का दौरा कर इसको और केसे उचाइयाँ दी जाएगी, इसको लेकर चर्चा की।

# एडीजी स्मिता श्रीवास्तव व बिनीता ठाकुर होगी राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित

**जयपुर।** 78 वें स्वाधीनता दिवस के अवसर पर जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय समारोह में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा पुलिस विभाग में उत्कृष्ट और सराहनीय सेवाएं प्रदान करने वाली दो महिला पुलिस अधिकारियों को राष्ट्रपति पुलिस पदक प्रदान कर सम्मानित करेंगे।

राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित होने वाली महिला पुलिस अधिकारी अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एंटी करप्शन ब्यूरो द्वितीय स्मिता श्रीवास्तव व अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक हाउसिंग बिनीता ठाकुर है।



स्मिता श्रीवास्तव



बिनीता ठाकुर

1995 बैच की आईपीएस अधिकारी स्मिता श्रीवास्तव ने एडीजीपी यातायात के रूप में कोविड-19 लॉकडाउन के दौरान राजस्थान में फंसे लोगों को सुरक्षित रखने और सुचारु आवाजाही करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने आईआरएडी कार्यक्रम के पुलिस मॉड्यूल के सफल क्रियान्वयन एवं एसपी ट्रैफिक जयपुर के रूप में बेहतर यातायात प्रबंधन के लिए एरिया ट्रैफिक कंट्रोल सिस्टम स्थापित करवाया।

वर्ष 1996 बैच की आईपीएस अधिकारी बिनीता ठाकुर ने अपने सेवाकाल के दौरान करौली में डकैत और बारां में ड्रग माफिया के खिलाफ तथा आपराधिक पारदी गिरोह के नेटवर्क को ध्वस्त करने में महत्त्वपूर्ण कार्य किया है। उन्होंने हनुमानगढ़-श्रीगंगानगर के किसान आंदोलन में हिंसक संघर्ष पर रोक लगाई एवं श्रीगंगानगर में बड़े अंतरराष्ट्रीय हथियार लाइसेंस रैकेट का पर्दाफाश किया। इन्होंने विभागीय पदोन्नित एवं भर्ती प्रक्रिया को भी सुचारु रूप से चलाया।

दोनों महिला पुलिस अधिकारियों द्वारा कर्म निष्ठा एवं कर्तव्य परायणता से की गई उल्लेखनीय व विशिष्ट सेवाओं के लिए स्वतंत्रता दिवस 2024 के अवसर पर राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित किया जा रहा है।

# राजस्थान पुलिस बैंड की मोहक धुनों पर बही राष्ट्रभक्ति की रसधार

## स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर अमर जवान ज्योति पर विशेष कार्यक्रम

**जयपुर।** स्वाधीनता दिवस की पूर्व संध्या पर जनपथ स्थित अमर जवान ज्योति पर राजस्थान पुलिस के केन्द्रीय पुलिस बैंड, हाड़ी रानी महिला बटालियन पाइप पुलिस बैंड, तेरहवीं बटालियन बैंड, जयपुर पुलिस आयुक्तालय के बैंड तथा आरएसी की चौथी एवं पांचवीं बटालियन के बैंडवादकों ने अपनी सामूहिक प्रस्तुतियों में देशभक्ति की बयार बहाकर उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया।

बैंड वादकों ने जय हो..., कदम-कदम बढ़ाए जा, खुशी के गीत गाए जा, ये जिंदगी है कौम की तू कौम पर लुटाए जा.... जैसे देश भक्ति के नगमों की धुनों की आकर्षक प्रस्तुतियों से समां बांधते हुए माहौल में देश भक्ति का रस घोल दिया। राजस्थान पुलिस के बैंडवादकों के इस दल ने आकर्षक गणवेश में अनुशासन और लयबद्धता के साथ प्रस्तुतियों की अमिट छाप छोड़ी। राष्ट्रभक्तिमय इस वातावरण में बारिश की मन्द फुहारों ने भी जयपुरवासियों के उत्साह को बढ़ाकर माहौल को खुशनुमा बना दिया।

कार्यक्रम में मौजूद पुलिस महानिदेशक उत्कल रंजन साहू सहित पुलिस मुख्यालय से एडीजी और आईजी रैंक के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने बैंडवादक पुलिसकर्मियों की हौसला अफ़ज़ाई की। वहीं बैंडवादकों की प्रस्तुतियों ने आमजन और गणमान्य लोगों से भी खूब तालियां बटोरी।

# भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ से मिले संविदा नर्सेज

**जयपुर।** राजस्थान संविदा नर्सेज संघर्ष समिति के द्वारा सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज सहित प्रदेश के सभी मेडिकल कॉलेजों मे प्लेसमेंट एजेंसियों के माध्यम से कार्यरत नर्सिंग ऑफिसर का वेतन 37 हजार 800 करने एवं संविदा सेवा नियम 2022 में शामिल करने की मांग को लेकर भाजपा विधि प्रकोष्ठ संयोजक सौरभ सारस्वत के नेतृत्व मे भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ से मिलकर ज्ञापन सौंपा। अध्यक्ष प्यारेलाल चौधरी व कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष रमेश सैनी के अनुसार संविदा नर्सेज की वेतन बढ़ोतरी की मांग जायज है कम वेतन के कारण कार्मिकों को जीवनयापन में आर्थिक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। संगठन के द्वारा मुख्यमंत्री एवं चिकित्सा मंत्री को पत्र लिखा गया है। प्रदेश संयोजक अभिषेक शर्मा ने बताया की प्रदेश के सबसे बड़े मेडिकल कॉलेज सहित प्लेसमेंट एजेंसी के माध्यम से संविदा नर्सेज अल्पवेतन पर अपनी सेवाएं दे रहे हैं जबकि उन्हीं चिकित्सालय में समान पद पर एवं समान कार्य कर रहे यूटीबी संविदा कार्मिको को 37,800 वेतन सरकार द्वारा दिया जा रहा है।

# चैन स्नेचिंग का शातिर आरोपी गिरफ्तार

**ब्यावर,** (निसं)। चैन स्नेचिंग के आरोपी सुमित काठात पुत्र शत्रु काठात जाति मेहरात उम्र 19 साल को साकेत नगर पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है। गौरतलब है की 13 अगस्त को ही सुशीला देवी पत्नी अशराफ जाति महेरात उम्र 50 साल निवासी रतनपुरा सरदारा ने थाना साकेतनगर में रिपोर्ट दर्ज करवाई जिसमे बताया की 04 अगस्त को वो सामान खरीदने के लिए पाली बाजार आई थी।

दोपहर में 11 बजे के आसपास ही मोटर साइकिल सवार लडका जिसने चौकडी दार शर्ट पहन रखा था उसने मेरे पहने हुए मंगलसूत्र (लोकेट) को झप्पटा मारा और तोड़कर गया। उसका काफी पीछा किया मगर वो भागने में सफल रहा। सीसीटीवी फुटेज के हुलिये अनुसार संदिग्ध की तलाश की गई। जिस पर गठित टीम द्वारा आरोपी सुमित काठात को डीटेन कर बाद पुछताछ जरिए बापर्दा फर्द गिरफ्तार किया जाकर माल मस्रूका को जप्त किया गया। वारदात में प्रयुक्त दुपहिया वाहन को जप्त किया गया। मुल्जिम से पुछताछ जारी है।



चैन स्नेचिंग के आरोपी को साकेत नगर पुलिस ने गिरफ्तार किया।

# स्वतंत्रता दिवस पर डीजीपी ने शुभकामनाएं दीं

**जयपुर।** देश के 78वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पुलिस महानिदेशक उत्कल रंजन साहू ने प्रदेशवासियों, राजस्थान पुलिस के अधिकारियों, जवानों और उनके परिजनों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी है।

इस अवसर पर डीजीपी साहू ने अपने संदेश में कहा कि स्वतंत्रता दिवस के मौके पर हम आजादी के आंदोलन में निःस्वार्थ भाव से देश के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले अनगिनत शहीदों और स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को याद कर उनके सम्मान में नतमस्तक हो जाते हैं। हमारे अमर शहीदों का त्याग और बलिदान हमें अपने-अपने कर्मक्षेत्र में समाज की सेवा के लिए सदैव तत्पर रहते हुए कार्य करने की प्रेरणा देता है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में जनसुरक्षा और कानून-व्यवस्था के साथ, समाज में शांति, सद्भाव एवं आपसी भाईचारे की परम्पराओं को अक्षुण्ण बनाए रखने में राजस्थान पुलिस का अग्रणी योगदान रहा है। राजस्थान पुलिस की कत्तर्व्यपरायणता, अनुशासन और सेवाभाव पर हम सभी को नाज़ है।

# करौली में बाजार बंद रहे

**करौली।** बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में करौली सकल हिंदू समाज द्वारा बाजार बंद रखकर विरोध जताया और आक्रोश रैली निकाली गई। शहर के नगाड़ खाना दरवाजे से स्वामी विवेकानंद पार्क तक आक्रोश रैली निकाली गई आक्रोश रैली में विभिन्न धार्मिक संगठन,सामाजिक संगठन,पूर्व सैनिक,युवा बच्चे और बुजुर्ग हाथों में तिरंगा और केसरिया ध्वज तथा विरोध के नारे लिखी तख्तियां हाथों में थामे नारे लगाते चल रहे थे।

नगाड़ खाना दरवाजे से शुरू हुई आक्रोश रैली पुरानी नगर पालिका, फूटाकोट,सदर बाजार,बड़ा बाजार, वजीरपुर दरवाजा, रामद्वारा,पुरानी कलेक्ट्रेट सर्किल होते हुए सिटी पार्क पहुंची। सिटी पार्क के बाद राष्ट्रगान के साथ आक्रोश रैली का समापन हो गया। रैली जैसे-जैसे शहर के रास्तों से होकर गुजरी लोग जुड़ते चले गए। रैली में करौली विधायक दर्शन सिंह गुर्जर,करौली नगर परिषद के पूर्व उपसभापति वेद प्रकाश उपाध्याय, भाजपा जिला महामंत्री सुरेश शुक्ला,धीरेंद्र बैंसला,आरएसएस के केसर सिंह नरूका,विपिन शर्मा,अमित शर्मा,विद्या देवी,करौली धौलपुर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा की प्रत्याशी रही इंदु देवी जाटव सहित अन्य मौजूद रहे। करौली विधायक दर्शन सिंह गुर्जर ने कहा कि बांग्लादेश में हो रहे अत्याचार का विरोध प्रकट करने और हिंदुस्तानियों की एक जुटता प्रदर्शित करने के लिए रैली का आयोजन किया गया है।रैली को लेकर करौली ब्राह्मण समाज अध्यक्ष मदन मोहन शर्मा ने कहा कि बांग्लादेश के अत्याचारियों को कड़ा संदेश देने और सामाजिक एकजुट प्रदर्शित करने के लिए आक्रोश रैली निकाली गई है। इसी प्रकार रैली में शामिल हुए बालक चाणक्य ने कहा कि यह सुभाष चंद्र बोस,चंद्र शेखर आजाद,रानी लक्ष्मीबाई, भगत सिंह की भूमि है इस बात को हमें याद रखना चाहिए।

# प्रदेश के 87 पुलिस अधिकारियों व कार्मिकों को मिलेगा राजस्थान पुलिस सेवा पदक

## यह पदक आगामी वर्ष में राजस्थान पुलिस दिवस परेड के अवसर पर दिए जाएंगे

**जयपुर।** राज्य सरकार द्वारा 78वें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर प्रदेश के 87 पुलिस अधिकारियों एवं कार्मिकों को राजस्थान पुलिस सेवा पदक देने की घोषणा की गई है। इनमें 3 पुलिस निरीक्षक एवं कंपनी कमांडर, 8 उप निरीक्षक व प्लाटून कमांडर, 13 सहायक उप निरीक्षक, 41 हैड कांस्टेबल एवं 22 कांस्टेबल शामिल है।

पुलिस महानिदेशक यू आर साहू द्वारा इस संबंध में बुधवार को आदेश जारी किए गए है। आदेश के अनुसार यह पदक आगामी वर्ष में राजस्थान पुलिस दिवस परेड के अवसर पर दिए जाएंगे। साहू ने सभी पुलिस अधिकारियों और कार्मिकों को इस उपलब्धि पर बधाई दी है।

पांचवी बटालियन आरएसी जयपुर के कंपनी कमांडर राजेंद्र सिंह, एसओजी में पुलिस निरीक्षक विजय कुमार राय, फिंगरप्रिंट ब्यूरो एससीआरबी में पुलिस निरीक्षक रक्षित कोठारी, चतुर्थ बटालियन आरएसी में प्लाटून कमांडर राम सिंह, अपराध शाखा रेंज कार्यालय जोधपुर में उपनिरीक्षक मनीष चौधरी, जिला बांसवाड़ा में उप निरीक्षक रघुवीर सिंह जाट, जीआरपी उत्तर जोधपुर में उप निरीक्षक मनोज कुमार राजपूत, पुलिस आयुक्तालय जयपुर में उपनिरीक्षक इंद्रा अहलावत, सातवीं बटालियन आरएसी भरतपुर में प्लाटून कमांडर फौरन सिंह, एसडीआरएफ में प्लाटून कमांडर अमर सिंह, जिला राजसमंद में उप निरीक्षक कमलेंद्र सिंह, कार्यालय पुलिस अधीक्षक जिला श्रीगंगानगर में सहायक उप निरीक्षक राज सिंह, पुलिस लाइन राजसमंद में सहायक उप निरीक्षक सुभाष चंद्र शर्मा, जोधपुर में सहायक उप निरीक्षक छगनलाल, पुलिस थाना रानोट जिला जैसलमेर में सहायक उप निरीक्षक खुशाल चंद, पुलिस लाइन अजमेर में सहायक उप निरीक्षक राजाराम, कार्यालय अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चूरू में सहायक उप निरीक्षक सुरेश कुमार, पुलिस लाइन अजमेर में सहायक उप निरीक्षक सरफराज मोहम्मद, पुलिस थाना नया शहर बीकानेर में सहायक उप निरीक्षक राम भरोसी, कार्यालय अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पोकरण जिला जैसलमेर में सहायक उप निरीक्षक खेत सिंह भाटी, जिला प्रतापगढ़ में सहायक उप निरीक्षक प्रताप सिंह मीणा, अपराध शाखा सवाई माधोपुर में सहायक उप निरीक्षक तपस्या योगी, जिला जोधपुर ग्रामीण में सहायक उप निरीक्षक हरा राम एवं आरआरएफ जिला जोधपुर ग्रामीण में सहायक उपरीक्षक गणेश राम शामिल है।

इसी प्रकार तीसरी बटालियन आरएसी के हैड कांस्टेबल होशियार सिंह, प्रथम बटालियन आरएसी जोधपुर में हैड कांस्टेबल चतुर सिंह, हाड़ी रानी महिला बटालियन आईआर अजमेर में हैड कांस्टेबल मोहनलाल मीणा, प्रथम बटालियन आरएसी जोधपुर में हैड कांस्टेबल कर्ण बहादुर सोनी, छठी बटालियन आरएसी धौलपुर में हैड कांस्टेबल रामबाबू, आठवीं बटालियन आरएसी आईआर दिल्ली में हैड कांस्टेबल बीर सिंह, आठवीं बटालियन आरएसी दिल्ली में हैड कांस्टेबल बलदेव सिंह, आरपीटीसी जोधपुर में हैड कांस्टेबल करण सिंह, पुलिस आयुक्तालय जयपुर में हैड कांस्टेबल घासीराम, पुलिस लाइन झुंझुनूं में हैड कांस्टेबल आत्म प्रकाश खैरवाल, पुलिस ट्रेनिंग स्कूल अलवर में हैड कांस्टेबल विजय सिंह, पुलिस कमांडो ट्रेनिंग स्कूल जोधपुर में हैड कांस्टेबल गोरखाराम, पांचवीं बटालियन आरएसी जयपुर में हैड कांस्टेबल पैप सिंह, 11वीं बटालियन आरएसी दिल्ली में हैड कांस्टेबल ओमप्रकाश, पांचवीं बटालियन आरएसी जयपुर में हैड कांस्टेबल रामनिवास, प्रथम बटालियन आरएसी जोधपुर में हैड कांस्टेबल संपत लाल, थाना सुल्ताना जिला झुंझुनूं में हैड कांस्टेबल प्रदीप कुमार, कार्यालय उपाधीक्षक एससी एसटी सेल अजमेर में हैड कांस्टेबल ओम नारायण मेघवाल, पुलिस आयुक्तालय जयपुर में हैड कांस्टेबल जल सिंह, कार्यालय एससी एसटी सेल जैसलमेर में हैड कांस्टेबल गोरखाराम, थाना नाचना जिला जैसलमेर में हैड कांस्टेबल हीरा राम, थाना भवानी मंडी झालावाड़ में हैड कांस्टेबल शेर सिंह, पुलिस लाइन चूरू में हैड कांस्टेबल सुरेंद्र सिंह, एसओजी जयपुर में हैड कांस्टेबल जितेंद्र शर्मा, कार्यालय महानिरीक्षक अजमेर में महिला हैड कांस्टेबल संगीता चौधरी, कार्यालय पुलिस अधीक्षक श्रीगंगानगर में हैड कांस्टेबल रामावतार मीना, सीआईडी सीबी रेंज सेल जोधपुर में हैड कांस्टेबल चन्द सिंह, कार्यालय पुलिस अधीक्षक झालावाड़ में हैड कांस्टेबल शैलेंद्र सिंह, कार्यालय पुलिस अधीक्षक अजमेर में हैड कांस्टेबल नवीन गौड़, कार्यालय पुलिस अधीक्षक अजमेर में हैड कांस्टेबल कमलेश, कार्यालय महानिरीक्षक पुलिस बीकानेर में हैड कांस्टेबल विमलेश कुमार, कार्यालय पुलिस अधीक्षक सवाई माधोपुर में हैड कांस्टेबल नीरज गुप्ता, दसवीं बटालियन आरएसी बीकानेर में हैड कांस्टेबल प्रदीप कुमार मीणा, पुलिस ट्रेनिंग स्कूल जोधपुर में हैड कांस्टेबल बाबूराम, कार्यालय पुलिस आयुक्त जोधपुर में हैड कांस्टेबल भीम सिंह, पांचवी बटालियन आरएसी में हैड कांस्टेबल हनुमान लाल सेवदा, कार्यालय पुलिस अधीक्षक बारां में हैड कांस्टेबल सत्येंद्र सिंह, साइबर सेल जैसलमेर में हैड कांस्टेबल भीमराव सिंह, कार्यालय पुलिस अधीक्षक अलवर में हैड कांस्टेबल प्रीतम सिंह, पांचवी बटालियन आरएसी जयपुर में हैड कांस्टेबल संदीप कटेवा एवं जिला प्रतापगढ़ में हैड कांस्टेबल सांवरमल बघाला का चयन किया गया है।

इसी प्रकार पांचवी बटालियन आरएसी जयपुर में कांस्टेबल गोविंद सिंह राजपूत, छठी बटालियन आरएसी धौलपुर में कांस्टेबल भरत लाल मीणा, कार्यालय अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक झुंझुनूं में कांस्टेबल गुलझारी लाल, नवीं बटालियन आरएसी टोंक में कांस्टेबल बाबूलाल, 13वीं बटालियन जेल सुरक्षा जयपुर में कांस्टेबल सुभाष चंद्र, छठी बटालियन आरएसी धौलपुर में कांस्टेबल रघुवीर प्रसाद मीणा, राजेंद्र प्रसाद व कोक सिंह, 13वीं बटालियन जेल सुरक्षा जयपुर में कांस्टेबल राजेश कुमार, पुलिस आयुक्तालय जयपुर में महिला कांस्टेबल सुनील यादव, पांचवीं बटालियन आरएसी जयपुर में कांस्टेबल आरमोरर प्रेमपाल सिंह, पांचवीं बटालियन आरएसी जयपुर में कांस्टेबल चालक पूरन सिंह राजपूत, रिजर्व पुलिस लाइन अजमेर में कांस्टेबल चालक दुर्गा लाल, दसवीं बटालियन आरएसी बीकानेर में कांस्टेबल भंवरलाल बिश्नोई, पांचवी बटालियन आरएसी जयपुर में कांस्टेबल गिर्राज प्रसाद बेरवा, 10वीं बटालियन आरएसी बीकानेर में कांस्टेबल श्यामलाल व मंगल सिंह, कार्यालय पुलिस अधीक्षक अजमेर में कांस्टेबल प्रेम सिंह राठौड़, जिला स्पेशल टीम झालावाड़ में कांस्टेबल रामरतन मेहरा, राजस्थान पुलिस अकादमी जयपुर में महिला कांस्टेबल अनोप कुमारी, कार्यालय पुलिस अधीक्षक सवाई माधोपुर में महिला कांस्टेबल ज्योत्सना सिंह एवं कार्यालय महा निरीक्षक पुलिस रेंज अजमेर में कांस्टेबल चालक पृथ्वी सिंह रावत को राजस्थान पुलिस सेवा पदक के लिए चुना गया है।

# पाकिस्तानी महिला से शादी करने का आरोपी गिरफ्तार

**हनुमानगढ़,** (कासं)। भादरा निवासी फरीदा बानो पुत्री अयूब खां को दहेज के लिए प्रताड़ित करने व तीन तलाक देकर पाकिस्तानी महिला से निकाह करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी रहमान पुत्र अली मोहम्मद निवासी पीथीसर जिला चूरू को पुलिस ने जयपुर एयरपोर्ट से गिरफ्तार किया। मामले की जांच कर रहे डीएसपी एससी/एसटी सेल हनुमानगढ़ रणवीर साईं ने बताया कि रहमान की पहली पत्नी फरीदा बानो ने भादरा थाने में पति रहमान और ससुराल पक्ष के कई जनों पर दहेज प्रताडना। और तीन तलाक देकर छोडने का मामला 27 जुलाई को दर्ज करवाया था। आरोपी कुवैत में नौकरी कर रहा था। इसलिए पुलिस ने इस मामले में रहमान के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी कराया। इसके बाद सोमवार रात रहमान को कुवैत से भारत आते ही जयपुर एयरपोर्ट से गिरफ़्तार कर लि या गया।

डीएसपी रणवीर सांई ने बताया कि रहमान की गिरफ्तारी दहेज प्रताडना और तीन तल ाक मामले में हुई है। उससे पाकिस्तानी लड़की से किए गए निकाह के संबंध में भी पूछताछ की जा रही है। विदित रहे कि एक पाकिस्तानी महिला के स्वयं को रहमान की पत्नी बताकर चूरू के पीथीसर गांव में उसके घर में रह रही है। आरोपी के घर पाकिस्तानी महिला के आने का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसके बाद आरोपी की पत्नी भादरा निवासी फरीदा बानो ने अपने पिता के साथ पुलि स थाना भादरा पहुंच सारे घटनाक्रम के संबंध में मामला दर्ज कराया था।

आरोपी की पत्नी फरीदा बानो ने पुलिस को रिपोर्ट दी थी कि वह हाल वार्ड 15 भादरा में रहती है। उसका निकाह 17 मार्च 2011 को रहमान से हुआ था। ससुराल में शादी के बाद से ही सास, ससुर व पति उसको कम दान, दहेज का ताना मारते। दहेज में एक लाख नकद व मोटर साइकिल नहीं देने पर नाराजगी जताकर उसे प्रताड़ित करते। पैसे व बाइक की मांग को लेकर पति रहमान, देवर सल ीम खान, ननद जुबैदा, सास जैतुन व ससुर अल ी मोहम्मद उससे ताना मारते तथा मारपीट करते। विवाह के कुछ समय बाद पति कुवैत चल ा गया। वहां से अपने घर वाल ों को कहता कि जब तक यह हमारी दहेज की मांग पूरी नहीं करती, इसको प्रताड़ित करो।

आरोप था कि करीब चार-पांच माह पहल े रहमान ने फोन कर उसे तीन बार तल ाक कहा। इसके बाद आरोपी ने कहा कि मैंने तुझे अब तल ाक दे दिया है और मैंने दूसरा निकाह पाकिस्तान की ल डक़ी मेहविश से कर लि या है। उसे जल्द ही भारत भेज दूंगा। फरीदा बानो का कहना था कि उसकी पांच वर्षीय पुत्री व तीन वर्ष का एक पुत्र है। उसको उसका हक मिल ना चाहिए। भादरा पुलिस ने मामल ा दर्ज कर जांच शुरू की। मगर कार्रवाई नहीं होने पर फरीदा ने एसपी विकास सांगवान से मिल कर शीघ्र जांच व कार्रवाई की गुहार ल गाई। इसके बाद एसपी ने मामल े की जांच पुलि स उप अधीक्षक रणवीरसिंह सांई को सौंपी।



पुलिस ने पाकिस्तानी महिला से शादी करने के आरोपी को गिरफ्तार किया।



मैं विनेश का दर्द अच्छी तरह समझता हूं। दूसरों की बातों की चिंता मत करो। जिंदगी चलती रहती है। असफलताओं से उबरना सबसे खूबसूरत चीज है। अच्छी तरह आराम करो।

**- रेई हिगुची**

जापानी ओलंपिक चैंपियन, विनेश फोगाट का समर्थन किया।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी**

## अमन सहरावत



**भारतीय** पहलवान अमन सहरावत पेरिस ओलंपिक 2024 खेलों के कुश्ती स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर देश के सबसे युवा पदक विजेता बन गए है। अमन सहरावत ने शुक्रवार को पेरिस 2024 कुश्ती स्पर्धा में पुरुषों के 57 किग्रा फ्रीस्टाइल में शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक जीता। अमन ने 21 साल 24 दिन की उम्र में कांस्य पदक जीतकर यह रिकॉर्ड बनाया है। उन्होंने हमवतन बैंडमिंटन स्टार खिलाड़ी पीवी सिंधु के रिकॉर्ड को भी तोड़ दिया। सिंधु ने रियो ओलंपिक 2016 में 21 साल, एक महीना और 14 दिन की उम्र में रजत पदक जीता था।

**क्या आप जानते हैं ?...** द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान फीफा के इतालवी उपाध्यक्ष डॉ. ओटरियानो बैरासी ने विश्वकप ट्रॉफी को अपने पलंग के नीचे एक जूते के डिब्बे में छुपाए रखा।

# कैस ने दो बार फैसला टालने के बाद अचानक विनेश फोगाट की अपील खारिज की

नयी दिल्ली, 14 अगस्त। भारतीय महिला पहलवान विनेश फोगाट की संयुक्त रूप से रजत पदक दिये जाने की अपील को कोर्ट ऑफ आर्बिट्रेशन के एडहॉक डिवीजन (कैस) ने बुधवार को खारिज कर दिया है

कैस ने दो बार फैसला टालने के बाद अचानक आज विनेश की अपील को खारिज कर दिया है। इसको लेकर भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष डॉ. पीटी उषा ने खेल पंचाट न्यायालय (कैस) के फैसले पर आश्चर्य और नाराजगी व्यक्त की है। आईओए ने एक बयान में कहा है कि पेरिस ओलंपिक में स्पर्धा के एक दिन बाद दूसरे दिन वजन के उल्लंघन के लिए एथलीट को पूरी तरह से अयोग्य घोषित करना गहन जांच का विषय है। भारत की ओर से कानूनी प्रतिनिधियों ने कैस के समक्ष अपनी बात रखी थी।



आईओए ने अपने बयान में कहा कि कैसा का फैसला आने के बाद भी आईओए फोगाट के पूर्ण समर्थन में खड़ा है और आगे के कानूनी विकल्पों की तलाश कर रहा है। आईओए यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि विनेश के मामले की सुनवाई हो। आईओए खेलों में न्याय और निष्पक्षता की वकालत करना जारी रखेगा।

उल्लेखनीय है कि विनेश ने महिला कुश्ती के 50 किग्रा वर्ग में लगातार तीन मुकाबले जीतकर फाइनल में जगह बनाई थी। लेकिन फाइनल मुकाबले से पहले ओलिंपिक कमेटी ने विनेश का वजन 50 किलो से 100 ग्राम वजन अधिक पाये जाने के कारण उन्हें अयोग्य घोषित कर दिया था। जिसके बाद विनेश ने कैस में अपील दायर कर संयुक्त रूप से रजत पदक दिये जाने की मांग की थी।

# मोर्नी मोर्केल बने टीम इंडिया के गेंदबाजी कोच, 1 सितंबर से संभालेंगे कमान

नयी दिल्ली, 14 अगस्त। भारतीय क्रिकेट टीम को आखिरकार अपना गेंदबाजी कोच मिल ही गया। दरअसल, साउथ अफ्रीका के पूर्व तेज गेदंबाज मोर्नी मोर्केल को टीम इंडिया का नया बॉलिंग कोच बनाया गया है। उनका कॉन्ट्रैक्ट 1 सितंबर से शुरू होगा। जय शाह ने इस बात की जानकारी खुद एक क्रिकेट वेबसाइट को दी है। बता दें कि, गौतम गंभीर ने पहले भी भारतीय क्रिकेट बोर्ड से गेंदबाजी कोच के पद के लिए मोर्केल के नाम पर विचार कनरे का अनुरोध किया था।

मोर्केल ने 2006 से 2018 के बीच 86 टेस्ट, 117 वनडे और 44 टी20 मैच खेले हैं। बता दें कि, गंभीर और मोर्केल दोनों के बीच लखनऊ सुपर जांयट्स में



अच्छे संबंध रहे हैं। जहां, गंभीर ने दो साल तक मेंटर के रूप में काम किया। गंभीर के कोलकाता नाइट राइडर्स में शामिल होने और हेड कोच एंडी फ्लावर के रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु में चले जाने के बाद मोर्कल नए हेड कोच जस्टिन लैंगर के साथ फ्रैंचाइजी के गेंदबाजी कोच के रूप में बन रहे।

मोर्नी मोर्कल ने नवंबर 2023 तक पाकिस्तान की नेशनल क्रिकेट टीम के गेंदबाजी कोच के रूप में काम किया। मोर्कल ने 2006 में टेस्ट मैच में डेब्यू किया और दक्षिण अफ्रीका की टीम के लिए 86 टेस्ट खेले। मार्च 2018 में वह दक्षिण अफ्रीका के लिए 300 टेस्ट विकेट लेने वाले पांचवें गेंदबाज बने। उन्होंने 117 वनडे इंटरनेशनल और 44 टी20 इंटरनेशनल मैच भी खेले, 2007 में उन्होंने दो फॉर्मेट में डेब्यू किया था।

## श्रीजेश को 'आधुनिक भारतीय हॉकी के भगवान' की उपाधि

नयी दिल्ली, 14 अगस्त। महान गोलकीपर पीआर श्रीजेश को हॉकी इंडिया ने बुधवार को 'आधुनिक भारतीय हॉकी के भगवान' की उपाधि से सम्मानित किया। आज यहां श्रीजेश के सम्मान में आयोजित समारोह में हॉकी इंडिया ने उनके भारतीय हॉकी में योगदान के लिए गुलदस्ता, स्मृति चिन्ह और 25 लाख रुपये की पुरस्कार राशि भेंट की। इसके साथ शीर्ष संस्था ने पुरुष सीनियर टीम से श्रीजेश की जर्सी नंबर 16 को रिटायर करने की भी घोषणा की। श्रीजेश ने 18 साल भारतीय हॉकी को समर्पित किये। उन्होंने हाल ही में संपन्न हुये पेरिस ओलंपिक में भारत को कांस्य पदक जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जैसा कि उन्होंने टोक्यो 2020 में किया था। इस उपलब्धि ने 52 वर्षों के बाद टीम को लगातार दूसरी बार पोडियम पर पहुंचाया, जिससे ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेलों में भारतीय पुरुष हॉकी टीम के पदकों की रिकॉर्ड संख्या 13 हो गई।

## आईसीसी ने अभी तक अपलोड नहीं की टी-20 विश्वकप के न्यूयॉर्क मुकाबलों की पिच रेटिंग

नयी दिल्ली, 14 अगस्त। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने अभी तक अमेरिका और वेस्टइंडीज में हुए टी20 विश्व कप के दौरान 54 मैच के लिए इस्तेमाल की गई पिच और आउटफील्ड की आधिकारिक रेटिंग की घोषणा नहीं की है जबकि इसे खत्म हुए साढ़े सात हफ्ते हो चुके हैं। वेस्टइंडीज में हुए मैच के बजाय ध्यान न्यूयॉर्क के नासाऊ काउंटी मैदान पर हुए आठ मैच की रेटिंग पर लगा है जिसमें आठ मैच में पहली पारी का औसत स्कोर 107.6 तक रहा जबकि ये 'ड्रॉप इन' पिचें एडीलेड के क्यूरेटर डेमियन ह्यू ने तैयार की थी। आईसीसी वेबसाइट पर पिच और आउटफील्ड के रेटिंग सेक्शन पर 31 मई 2024 से कोई अपडेट नहीं किया गया है। न्यूयॉर्क की पिच और आउटफील्ड पर असमान उछाल और धीमी आउटफील्ड की दुनिया भर में आलोचना हुई थी जिसमें 120 रन तक के स्कोर का पीछा करना मुश्किल हो गया था। यह अभी तक स्पष्ट नहीं है कि पिच और आउटफील्ड रेटिंग अभी तक 46 दिन के बाद भी आईसीसी की वेबसाइट पर अपलोड नहीं की गई हैं।

# श्रीजेश के संन्यास के साथ ही जर्सी नं. 16 की भी हुई विदाई

## भारतीय हॉकी में नहीं दिखेगी अब




नयी दिल्ली, 14 अगस्त। पेरिस ओलंपिक 2024 में भारतीय हॉकी टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ब्रॉन्ज मेडल जीता। लगातार दूसरी बार ओलंपिक में टीम ने ब्रॉन्ज मेडल जीता। भारतीय हॉकी टीम ने अपने गोलकीपर श्रीजेश को बेहतरीन विदाई दी, लेकिन सिर्फ श्रीजेश ही विदा नहीं हुए बल्कि उनकी 16 नंबर की जर्सी भी विदा हो गई है।

इसका मतलब ये है कि अब भारतीय हॉकी टीम में 16 नंबर की जर्सी नहीं दिखेगी। सीनियर भारतीय हॉकी टीम से जर्सी नंबर 16 को रिटायर कर दिया गया है। इसके साथ ही पीआर श्रीजेश को बड़ी जिम्मेदारी भी मिली है।

उन्हें जूनियर टीम का कोच बनाया गया है। हॉकी इंडिया ने दिल्ली में एक इवेंट के दौरान बुधवार को श्रीजेश की जर्सी को सीनियर टीम से रिटायर करने की घोषण की है।

हॉकी इंडिया के महासचिव भोलनाथ सिंह ने कहा कि, श्रीजेश अब जूनियर टीम के कोच बनने जा रहे हैं और हम सीनियर टीम के लिए नंबर 16 जर्सी को रिटायर कर रह रहे हैं। हम जूनियर टीम के लिए नंबर 16 को रिटायर नहीं कर रहे हैं। श्रीजेश दूसरी जूनियर टीम में तैयार करेंगे।




## मिलिंद सोमन ने दिल्ली हॉफ मैराथन की जर्सी 'वर्चुअल रेस' और 'स्टेप सेट गो' ऐप का किया अनावरण

गुरुग्राम, 14 अगस्त। अभिनेता और फिटनेस एडवोकेट मिलिंद सोमन ने वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन 2024 'रन फॉर जोरी हंगर' की जर्सी, 'वर्चुअल रेस' और 'स्टेप सेट गो' ऐप का बुधवार को अनावरण किया। आज यहां इस दौरान मिलिंद सोमन ने कहा मुझे दौड़ना बेहद पंसद है और मैं 20 साल से मैराथन में दौड़ रहा हूं। उन्होंने कहा कि दौड़ना एक आसान व्यायाम है। उन्होंने कहा कि मैं जिम नहीं जाता। मैं घर पर ही 10 से 15 मिनट व्यायाम करता हूं। उन्होंने कहा कि वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन 'रन फॉर जोरी हंगर' का उद्देश्य कोई भी भूखा ना रहे और इस मुहिम के साथ 75 हजार लोगों को जोड़ने का है। इस दौड़ के जरिए वेदांता 75 हजार थाली भोजन उपलब्ध कराना चाहता है।

### पाक क्रिकेट बोर्ड का बना मजाक

## पाकिस्तान बनाम पाकिस्तान मैच की टिकट की कीमत सुन नहीं रोक पाएंगे हंसी



नयी दिल्ली, 14 अगस्त। पाकिस्तान और बांग्लादेश टेस्ट सीरीज से पहले ही पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड मजाक बन कर रह गया है। दरअसल, पाकिस्तान के स्टेडियम में मैच देखना बेहद सस्ता हो गया है। टिकट इतना सस्ता है कि हर कोई पीसीबी पर हंस रहा है। सोमवार को पाक बोर्ड ने सस्ती टिकटों की घोषणा की, सबसे सस्ता टिकट पाकिस्तानी 50 रुपये है यानी कि भारतीय रुपये के हिसाब से देखा जाए तो महज 15 रुपये, अब पाकिस्तानियों को कौन समझाए कि इससे ज्यादा का तो भारत में एक समोसा आता है। भारतीय यूजर्स पर जमकर पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को ट्रोल कर रहे हैं। भारत के लोग मजाक बना रहे हैं कि 15 रुपये में तो भारत में समोसा मिलता है। पीसीबी की तफ से घोषणा की गई है कि दोनों टेस्ट मैचों के टिकट किफायती दर पर रखे गए हैं। इसके अनुसार, सीरीज के लिए टिकट की कीमतें 50 रुपये से लेकर फुल हास्पिटेलिटी बॉक्स के लिए 2 लाख 50 हजार तक हैं।

## अधिकारियों की गलती के कारण श्रीलंका-भारत टाई मैच में नहीं हुआ सुपर ओवर

कोलंबो, 14 अगस्त। श्रीलंका और भारत के बीच टाई हुए पहले एकदिवसीय मुकाबले में आधिकारियों की गलती के कारण सुपर ओवर नहीं हुआ। मैदानी अंपायर जोएल विल्सन, रवींद्र विमलासिरी, साथ ही रेफरी रंजन मदुगले, टीवी अंपायर पॉल रायफल और चौथे अंपायर रूचिरा पल्लीयागुरुगे ने आंतरिक तौर पर स्वीकार किया है कि उन्होंने एकदिवसीय की खेल परिस्थितियों को गलत समझा। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की खेल परिस्थितियों के अनुसार टाई मैच में सुपर ओवर कराया जाना चाहिए था। दोनों अंपायरों ने मैच टाई होने के बाद बेल्स गिराई और किसी भी टीम ने सुपर ओवर के बारे में नहीं पूछा, खिलाड़ियों ने एक दूसरे से हाथ मिलाए और पवेलियन चले गए। इसके बाद सोशल मीडिया पर इसको लेकर सवाल खड़े होने लगे थे। मदुगले, विल्सन और विमलासिरी ने तुरंत सुपर ओवर को लेकर कोई चर्चा नहीं की। बाद में चर्चा के बाद निर्णय हुआ कि अगर तीन मैचों की सीरीज में आगे कोई मैच टाई होता है तो सुपर ओवर कराया जाएगा।

## ऑस्ट्रेलिया-ए महिला टीम ने इंडिया-ए को 4 विकेट से हराया

मकाय, 14 अगस्त। मेटलन ब्राउन (चार विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी और उसके बाद केटी मैक (129) की शतकीय तथा कप्तान तालिया मैक्ग्रा (56) रनों की शानदार पारियों के दम पर ऑस्ट्रेलिया ए महिला टीम ने बुधवार को इंडिया ए को 18 गेंदें शेष रहते चार विकेट से हराकर तीन मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली है।

250 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलिया ए टीम ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिये 50 रन जोड़े। 12वें ओवर में मिन्नू मनी ने मैडी डार्क (27) को आउटकर भारत को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद मिन्नू मनी ने चार्ली नॉट (26) को रनआउट कर पवेलियन भेज दिया। केटी मैक ने 126 गेंदों में 11 चौकों की मदद से 129 रनों की पारी खेली। उन्हें मेघना सिंह ने आउट किया। कप्तान तालिया मैक्ग्रा (56) रन बनाकर आउट हुई। उन्हें मिन्नू मनी ने आउट किया। ऑस्ट्रेलिया महिला ए टीम ने 47 ओवर में छह विकेट पर 250 रन बनाकर मुकाबला चार विकेट से जीत लिया। इसी के साथ ऑस्ट्रेलिया महिला ए टीम ने तीन मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली है। इंडिया महिला ए टीम की ओर से मेघना सिंह, मिन्नू मनी ने दो-दो विकेट लिये।

इससे पहले ऑस्ट्रेलिया ए महिला टीम की कप्तान तालिया मैक्ग्रा ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी इंडिया ए टीम की शुरुआत खराब रही और उसने 11 रन पर अपने दो विकेट गंवा दिये। श्वेता सहरावत (1) और प्रिया पुनिया (6) रन बनाकर आउट हुई। सतीश शुभा और तेजल हसबनिस ने पारी संभालने का प्रयास किया। 13वें ओवर में तालिया मैक्ग्रा ने सतीश शुभा (16) को आउट कर इंडिया ए को तीसरा झटका दिया। तेजल हसबनिस (53) रन बनाकर आउट हुई, वहीं बिष्ट राघवी ने शानदार (82) रनों की पारी खेली। मिन्नू मनी (27) रन बनाकर आउट हुई।



# जयपुर में 4 घंटे की मूसलाधार बारिश से सड़कों पर 5 फीट से ऊपर पानी भरा

## भारी ट्रेफिक जाम के कारण सी-स्कीम स्थित अशोक मार्ग से एम.आई.रोड तक 5 मिनट का रास्ता पार करने में लोगों को 4 घंटे से ज्यादा का समय लगा

**-कार्यालय संवाददाता-**

**जयपुर।** राजधानी जयपुर में बुधवार शाम 5 बजे से रात 9 बजे तक हुई तेज मूसलाधार बारिश से सड़कों पर पांच फीट से ऊपर पानी भर गया। मुख्य मार्गों पर नदियों की तरह पानी बहता नजर आया। सीकर रोड पर ढेहर के बालाजी की तरह एम.आई.रोड, जयपुर परकोटा और अजमेर पुलिया पर जलभराव के कारण बाढ़ जैसे हालात बन गए। शहर में करीब छह इंच बरसात दर्ज की गई है। इस बीच जयपुर के प्राथमिक स्कूलों में स्वतंत्रता दिवस पर बच्चों को आवश्यक रुप से नहीं बुलाने के निर्देश जारी किये गये।

इसी बीच शहर का यातायात ऐसा ठप्प हुआ कि, सी-स्कीम स्थित अशोक मार्ग से एम.आई. रोड तक मात्र 5 मिनट की दूरी तय करने में लोगों को 4 घंटे से ज्यादा का समय लग गया। देर रात तक वाहन रैंगते-रैंगते अपने गंतव्य की ओर जाते रहे।

ट्रेफिक जाम की ऐसी ही भयावह स्थिति जयपुर परकोटे, अजमेरी गेट, त्रिमूर्ति सर्किल, राजापार्क, नारायण सिंह सर्किल, पांचबत्ती, स्टेच्यू सर्किल से जनपथ, 22 गोदाम, सोडाला, झोटवाड़ा और कालवाड़ रोड़ पर रही। जिला प्रशासन, जेडीए और नगर निगम की बाढ़ नियंत्रण राहत टीमें भी इसी ट्रेफिक जाम में फंसकर रह गई। बारिश के दौरान सड़कों पर पानी के तेज बहाव में कार, बाइक समेत अन्य वाहन तैरते दिखाई दिए। रेलवे स्टेशन पर पटरियां भी पानी में डूबी रही। शासन सचिवालय में भी घुटनों तक पानी भर गया।




**राजधानी जयपुर में बुधवार शाम हुई मूसलाधार बारिश से मुख्य मार्गों पर नदियों की तरह पानी बहता नजर आया। कई जगह जलभराव के कारण बाढ़ जैसे हालात बन गए। नारायण सिंह सर्किल पर भरे पानी का दृश्य कुछ ऐसी ही कहानी बयां कर रहा हैं।**

बजाज नगर, मालवीय नगर, महेश नगर, बास बदनपुरा, मोती डूंगरी रोड समेत जयपुर के कई इलाकों में बरसात से सड़कें लबालब हो गईं। परकोटे में काले हनुमान जी मंदिर के बाहर बारिश के तेज बहाव के साथ स्कूटी बह गई और मंदिर में भी पानी भर गया। मंदिर प्रशासन ने पानी रोकने के लिए तीन लेयर के बैरिकेड्स लगाए, लेकिन पानी अंदर चला गया।

शहर के अलग-अलग इलाकों में तेज बारिश के चलते ट्रैफिक जाम की स्थिति बन गई। बनीपार्क स्थित चिंकारा कैंटीन से एम.आई.रोड की ओर आने वाले मुख्य सड़क पर देर रात 12 बजे तक यातायात जाम की स्थिति रही। परकोटे में तेज बारिश के कारण कई इलाकों में बिजली गुल हो गई। जलमहल के सामने लो-फ्लोर बस पानी में बंद हो गई।

## जेडीए और हाउसिंग बोर्ड के पट्टों में स्वामित्व के सुरक्षा मानक क्यों नहीं?

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने राज्य सरकार, आवासन मंडल और पंजीयन विभाग से पूछा है कि जेडीए, नगर निगम और आवासन मंडल सहित अन्य सरकारी निकायों की ओर से जारी पट्टों व आवंटन पत्रों सहित अन्य स्वामित्व दस्तावेजों में सुरक्षा मानक क्यों नहीं है। जस्टिस पंकज भंडारी व प्रवीर भटनागर की खंडपीठ ने यह आदेश ऋचा पारीक की जनहित याचिका पर दिए।

याचिका में कहा गया कि जेडीए, नगर निगम, नगर परिषद व हाउसिंग बोर्ड सहित अन्य स्थानीय निकायों से जारी पट्टों व आवंटन पत्रों में सुरक्षा मानकों का ध्यान नहीं रखा जाता। जिससे स्थानीय निकायों से मिलीभगत कर पट्टों सहित अन्य स्वामित्व के दस्तावेजों के फर्जी व डबल दस्तावेज बना लिए जाते हैं। वहीं आमजन के पास इन दस्तावेजों की वैधता की सत्यता जांच करने के लिए कोई भी विधिक प्रक्रिया नहीं है और ना इन दस्तावेजों में ही सुरक्षा मानक हैं। ऐसे में इन दस्तावेजों में फर्जीवाड़ा और अनियमितताएं नहीं रोकी जा सकती। इसलिए इन दस्तावेजों में सुरक्षा के लिए कोई मानक बनाए जाए, ताकि आमजन इनसे होने वाले फर्जीवाडे से बच सके।

याचिका में कहा गया कि आए दिन अपराधियों की ओर से फर्जी पट्टे बनाकर आमजन एवं वित्तीय संस्थानों को क्षित पहुंचाई जाती है। इसलिए राज्य सरकार को इस संबंध में आवश्यक निर्देश दिए जाए कि वह पट्टे एवं स्वामित्व दस्तावेजों के जारी करने में सुरक्षा मानकों का ध्यान रखे और इसके लिए एक प्रक्रिया सुनिश्चित की जाए। वहीं ऐसे दस्तावेजों को जारी करने से रोका जाए, जिनमें उनके मूल स्वरूप को आसानी से बदला जा सके। राज्य सरकार ऐसी मशीनरी विकसित करे कि इन दस्तावेजों में किसी भी तरह से फजीवाडा नहीं किया जा सके। जिस पर सुनवाई करते हुए खंडपीठ ने संबंधित अधिकारियों से जवाब मांगा है।

## पूर्व आईएएस भाटी के बेटे के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई पर रोक

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने भूमि विवाद के धोखाधड़ी के मामले में करधनी थाने में दर्ज एफआईआर में पूर्व आईएएस हनुमंत सिंह के बेटे रिद्देश्वर सिंह के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई करने पर रोक लगा दी है। इसके साथ ही अदालत ने आरोपी को कहा है कि वह अनुसंधान में हिस्सा ले और सहयोग करे। जस्टिस नरेन्द्र सिंह ने यह आदेश रिद्देश्वर सिंह की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए। मामले में पूर्व आईएएस हनुमंत सिंह भाटी व उनके बेटे के खिलाफ नेमाराम ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसमें आरोप लगाया था कि आरोपियों ने उससे 25 अक्टूबर 2023 को 12 बीघा 7.5 बिस्वा जमीन के बेचान का एग्रीमेंट किया था, लेकिन इस जमीन में से उन्होंने केवल आधी जमीन की ही रजिस्ट्री करवाई है और बाकी जमीन की रजिस्ट्री उसे अन्य लोगों को बेचान करने के उद्देश्य से नहीं करवा रहे हैं। इसलिए उनके खिलाफ धोखाधडी सहित अन्य अपराध में कानूनी कार्रवाई की जाए।



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोनार किले (जैसलमेर) पर हरी झण्डी दिखाकर ''हर घर तिरंगा यात्रा'' को रवाना किया। इस यात्रा में मुख्यमंत्री खुद अपने हाथ में तिरंगा थामे हुये थे। यात्रा अखैपोल गेट से शुरु होकर हनुमान सर्किल पर खत्म हुई।

# मुख्यमँत्री ने 'हर घर तिरंगा यात्रा' को दिखाई हरी झण्डी

## सोनार किले की प्राचीर से गूंजे देशभक्ति के तराने

जैसलमेर, 14 अगस्त। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बुधवार को जैसलमेर के सोनार किले पर हरी झण्डी दिखाकर 'हर घर तिरंगा यात्रा' को रवाना किया। अखेपोल गेट से हनुमान सर्किल तक निकली इस यात्रा में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की हाथ में तिरंगा लेकर शामिल हुए और उन्होंने राष्ट्रीय एकता एवं गौरव का संदेश दिया।

यात्रा के दौरान शहरवासियों ने कई स्थानों पर पुष्प वर्षा कर मुख्यमंत्री का स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने हनुमान सर्किल पर गांधीजी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि भी अर्पित की। हाथों में तिरंगा लहराते हुए सीमा सुरक्षा बल, भारतीय थल सेना एवं वायु सेना के जवान तथा बॉर्डर होमगार्ड, एनसीसी कैडेट्स सहित राजस्थान पुलिस के जवान यात्रा में शामिल हुए। बैंड की धुनों और देशभक्ति नारों से सोनार किला गुंजायमान हो गया।

इस अवसर पर विधायक छोटू सिंह भाटी ने साफा पहनाकर मुख्यमंत्री का अभिनंदन किया। यात्रा में उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा, विधायक महंत प्रतापपुरी सहित जनप्रतिनिधिगण, वरिष्ठ अधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में आमजन शामिल हुए।

# तेलंगाना से राज्य-सभा सदस्य बनेंगे अभिषेक मनु सिंघवी

नई दिल्ली, 14 अगस्त। तेलंगाना में राज्यसभा उपचुनाव के लिए कांग्रेस ने अभिषेक मनु सिंघवी को अपना उम्मीदवार बनाया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने अभिषेक मनु सिंघवी की उम्मीदवारी को मंजूरी दी। अभिषेक मनु सिंघवी एक जाने-माने कानूनी विशेषज्ञ और राजनेता हैं। वे पहले भी राज्यसभा के सदस्य रह चुके हैं।

बता दें कि भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के राज्यसभा सांसद के रूप में केशव राव ने इस्तीफा दे दिया था जिससे ये सीट खाली हुई है। वे छोड़ कांग्रेस में शामिल हो गए।

# विनेश फोगाट को सिल्वर मैडल नहीं मिलेगा

नई दिल्ली, 14 अगस्त। भारतीय महिला पहलवान विनेश फोगाट और करोड़ों भारतीयों को दुआ काम नहीं आई। विनेश फोगाट को पेरिस ओलंपिक से सिल्वर मेडल नहीं मिलेगा। कोर्ट ऑफ आर्ब्रिट्रेशन फोर स्पोर्ट्स (सी.ए.एस.) ने अपना फैसला सुना दिया है। खेल पंचाट ने करोड़ों भारतीयों का दिल तोड़ देने वाला फैसला सुनाते हुए विनेश फोगाट की अपील को खारिज कर दिया है। विनेश फोगाट अब खाली हाथ पेरिस से लौटेंगी। महिलाओं की 50 किलोग्राम भार वर्ग फ्रीस्टाइल कुश्ती के फाइनल से पहले उनको ओवरवेट होने की वजह से अयोग्य घोषित कर दिया गया था।

कोर्ट ऑफ आर्बिट्रेशन फोर स्पोर्ट्स की पेरिस स्थित एड हॉक डिविजन ने विनेश फोगाट के केस में फैसला सुनाते हुए कहा है कि जो आवेदन विनेश फोगाट ने 7 अगस्त 2024 को दिया था, उसे खारिज किया जाता है। विनेश फोगाट ने दो मांग रखी थीं। उन्होंने पहली मांग सीएएस के सामने ये रखी थी कि फाइनल से कुछ घंटे पहले उनका वजन देख लिया जाए और उन्हें फाइनल खेलने दिया जाए। इस पर कोर्ट ने कहा था कि अब बहुत देर हो चुकी है। वहीं, दूसरी मांग विनेश फोगाट की ये थी कि उन्होंने सेमीफाइनल तक मुकाबले जीते हैं तो उनको सिल्वर मेडल का अधिकार है।

# राज्य सरकार ही करेगी ठिकाना गलता का प्रबंधन

## सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के आदेश में दखल देने से इन्कार किया

जयपुर, 14 अगस्त (का.सं.)। सुप्रीम कोर्ट ने गलता पीठ के स्वामित्व और महंत पद पर नियुक्ति से जुड़े मामले में हाईकोर्ट की ओर से दिए अंतरिम आदेश में दखल से इनकार कर दिया है। इसके साथ ही, अदालत ने राज्य सरकार को गलता पीठ का प्रबंधन को देखभाल का काम जारी रखने को कहा है।

जस्टिस अभय एस.ओका व ए.जी. मसीह की खंडपीठ ने यह आदेश अवधेशाचार्य की विशेष अनुमति याचिका पर बुधवार को सुनवाई करते हुए दिए।

एस.एल.पी. में राजस्थान हाईकोर्ट की खंडपीठ के 2 अगस्त के उस आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें अपील के लंबित रहने के दौरान ठिकाना गलता जी और उससे जुड़ी हुई संपत्तियों का प्रबंधन व देखभाल देवस्थान विभाग को करने के लिए कहा था। हाईकोर्ट की खंडपीठ ने स्पष्ट किया था कि गलता पीठ की संपत्तियां अपीलार्थी के हाथों में न रखकर देवस्थान विभाग के पास ही सुरक्षित रखी जाएं और सार्वजनिक ट्रस्ट का प्रबंधन भी देवस्थान विभाग के जरिए ही हो।

अवधेशाचार्य की ओर से सीनियर एडवोकेट डॉ. अभिषेक मनु सिंघवी ने हाईकोर्ट की खंडपीठ के अंतरिम आदेश पर रोक लगाने का आग्रह किया। इसके जवाब में राज्य के ए.ए.जी. शिवमंगल शर्मा ने कहा कि देवस्थान विभाग ने ठिकाना गलता के प्रबंधन की जिम्मेदारी संभाल ली है और सभी धार्मिक गतिविधियों का प्रबंधन व देखभाल सही तरीके से कर रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के अंतरिम आदेश में दखल से इनकार किया तो याचिकाकर्ता की ओर से एस.एल.पी. को वापस ले लिया।

# एं.डी.जी. वी.के...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

जिम्मेदारी सौंपी थी। सिंह की टीम ने रीट पेपर लीक, एसआई एग्जाम-2021 जैसे बड़े एग्जाम में गड़बड़ी करने वाले 150 से ज्यादा मास्टरमाइंड व दूसरे आरोपियों को अब तक गिरफ्तार किया है। एसओजी ने इसी साल अप्रैल में राजस्थान पुलिस अकेडमी में छापा मारकर सभी को चौंका दिया था। यहां से 15 से ज्यादा ट्रेनी सब इंस्पेक्टर्स को पकड़ा गया था।

एसओजी ने राजस्थान में बीते 15 साल में जड़ें जमा चुके नकल गिरोह की पहचान की थी। करीब चार महीने पहले एस.ओ.जी. बीते कुछ सालों में हुए 10 से ज्यादा भर्तियों में गड़बड़ी का दावा किया था। भर्तियों में गड़बड़ियों की जांच की शुरुआत एसआई-2021 परीक्षा से की गई थी। इसके बाद दूसरी परीक्षाओं से फर्जीवाड़े के तार जुड़ते गए। परीक्षाओं के 5 बड़े मास्टरमाइंड का खुलासा एस.ओ.जी. ने किया।

ए.डी.जी. वी.के. सिंह ने वर्ष 2010 से 2015 तक सी.बी.आई. की भ्रष्टाचार विरोधी शाखा में एसपी और डीआईजी के रूप में काम किया। सी.बी.आई. से लौटने पर, उन्होंने 3 वर्ष से ज्यादा समय तक ए.सी.बी., राजस्थान में आईजी के रूप में कार्यरत रहे। इस दौरान सिंह के सुपरविजन में वरिष्ठ नौकरशाहों, राजनेताओं और प्रभावशाली लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई। राजस्थान विधानसभा चुनाव 2018 शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ। आई.जी.पी. नियम और आईजीपी सी.आई.डी. - सी.बी. के रूप में उन्होंने बहुत अच्छा काम किया। सिंह कानूनों और नियमों का बहुत व्यापक और सटीक ज्ञान रखते हैं। यही कारण है उन्होंने ए.डी.जी.पी., ट्रैफिक के रूप में नवीनतम तकनीक को शामिल करके सड़क सुरक्षा में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने प्रवर्तन, सड़क सुरक्षा ऑडिट और आईआरएडी एप्लिकेशन के अभिनव उपयोग पर जोर दिया।

उनकी पहल के कारण राजस्थान आई.आर.ए.डी. डेटा गुणवत्ता और इसके अभिनव उपयोग में मॉडल राज्य बन गया है। उन्होंने बाइक पर हेलमेट अनिवार्य करने के साथ ही दुर्घटनाओं को रोकने के उपायों को लागू करने के लिए राज्य स्तरीय अभियान चलाया। सिंह के प्रयासों से यातायात पुलिस के उपकरणों में तेजी से वृद्धि हुई। उन्होंने राजस्थान के 40 पुलिस स्टेशन, जहां से सबसे अधिक दुर्घटनाएं होती हैं, पर काम किया। जुलाई 2022 से जुलाई 2023 के बीच उन 40 पुलिस स्टेशन क्षेत्रों में मौतें 1675 से घटकर 1359 हो गईं।

# बंगाल से ग्यारह महिला सांसदों ने...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

के सारे साक्ष्य एवं तथ्यों को नष्ट करने की कोशिश की है। जिस कक्ष में यह कुकृत्य हुआ था, उससे जुड़े हुये कमरे का तत्काल नवीनीकरण करना शुरु किया जा रहा था। उत्तेजित डॉक्टरों तथा अन्य लोगों को इस कदम की जानकारी मिल गई तथा उन्होंने इस क्षेत्र की तोड़-फोड़ को तुरंत रुकवा दिया।

इस छात्रा के साथ हुये कुकृत्य का विवरण, उसकी मृत्यु के कारण, जन-आक्रोश का रुप ले चुका है तथा विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। आम लोगों ने निर्णय लिया है कि आधी रात के बाद पूरे राज्य में महिलाएं कैंडल लाइट मार्च निकालेंगी।

मुख्यमंत्री पुलिस मंत्री भी हैं। इसमें कोई सन्देह नहीं रहा है कि पूरा दोषारोपण पुलिस तंत्र तथा ढ़ाँचे की विफलता को दिया जा रहा है। यह तंत्र एवं ढ़ाँचा वर्तमान सरकार का दिया हुआ है। पुलिस मंत्री के इस्तीफे की माँग हो रही है।

डॉक्टर तथा लोग बड़ी मात्रा में इस निर्दोष लड़की पर हुये हमले के विवरण से उत्तेजित हैं। शव-परीक्षण तथा फॉरेन्सिक विवरण इस बात की पुष्टि कर रहे हैं कि हमलावर एक से ज्यादा थे। पूरे शरीर पर घातक जख्मों के निशान है तथा हड्डियों का टूटना जबरदस्त प्रहारों की कहानी कह रहा है।

लेकिन, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इस घटना पर अफसोस व्यक्त करना भी जरुरी नहीं समझा है। इसके बजाय, उन्होंने विरोध -प्रदर्शन कर रहे डॉक्टरों को धमकी दी है तथा विरोध तुरंत वापस लेने के लिये कहा है। उन्होंने कहा है कि ''पिछले दिनों से चल रहा विरोध-प्रदर्शन काफी है तथा अब डॉक्टरों को ड्यूटी पर लौटना ही चाहिये।''

जहाँ तक न्यायपालिका का प्रश्न है, कलकत्ता उच्च न्यायालय ने इस घटना का स्वतन्त्र संज्ञान लिया तथा आदेश जारी किये कि सी.बी.आई. इस केस में हुई जाँच पड़ताल के दस्तावेजों को तुरन्त अपने कब्जे में ले। उच्च न्यायालय को राज्य पुलिस द्वारा की गई जांच पड़ताल पर कोई विश्वास नहीं है।

सी.बी.आई. ने इस केस की जाँच के लिये 12 विशेष सदस्यों की एक टीम गठित कर दी है तथा पुलिस के बहुत सारे शीर्ष अधिकारी दिल्ली से कोलकाता पहुँच गये हैं। सी.बी.आई. अपराध स्थल से साक्ष्य एवं विवरण एकत्र करने में जुट गई है।

कुछ विपक्षी दल भी सक्रिय हो गये हैं तथा वर्तमान स्थितियों पर जन-आक्रोश को बाहर लाने की कोशिश कर रहे हैं। लेकिन जन-आक्रोश की तुलना में उनकी गतिविधियाँ एवं बयान फीके लग रहे हैं। इस अपराध की जघन्यता तथा सत्तारुढ़ दल से इसका सम्भावित जुड़ाव स्थिति को और भी विस्फोटक बना रहा है।

# राजीव गांधी की जयंती से कांग्रेस महाराष्ट्र का ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

कांग्रेस को अच्छा प्रदर्शन करने की उम्मीद है पर वे फिर भी सतर्क है क्योंकि सब कुछ नम्बर गेम पर निर्भर है।

उम्मीद है कि कांग्रेस के जिन विधायकों ने एम.एल.सी. चुनाव में भाजपा का वोट दिया था उन्हें टिकट नहीं दिया जाएगा हालांकि पार्टी ने उन पर कोई कार्यवाही नहीं की थी क्योंकि अगर उन्हें निकाला जाता तो वे भाजपा के साथ आ जाते है। नियमानुसार अगर किसी सदस्य को पार्टी निकाल देती है तो वह अपनी मर्जी से अपना वोट व समर्थन किसी भी पार्टी को दे सकता है क्योंकि तब वह पार्टी व्हिप से बंधा नहीं होता है लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन ने महाराष्ट्र अच्छा प्रदर्शन किया था, पर भाजपा फिर से महाराष्ट्र में कदम जमा रही है।

समझा जाता है कि भाजपा 'लाड़ली' की ही तरह की एक योजना ला रही है। ज्ञातव्य है कि मध्यप्रदेश में 'लाड़ली' योजना के अन्तर्गत पैसा महिलाओं के खातों में सीधे ही ट्रांसफर किया जाता था तथा महिला मतदाताओं पर इसका बहुत बड़ा प्रभाव हुआ था।

एक वरिष्ठ भाजपा नेता ने कहा कि भाजपा महाराष्ट्र में इसी प्रकार की योजना ला रही है। उन्होंने कहा कि इससे चुनाव में भाजपा को मदद मिलेगी।

कांग्रेस का कहना है कि उसे इसकी काट ढूंढने की जरुरत तथा कांग्रेस इस दिशा में काम करती बताई जा रही है।




मार्डन मीडिया, बीकानेर के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. 35214/79, जयपुर कार्यालय: सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोन: 2372634, 4103333-34, कोटा कार्यालय : पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन: 2386031, 2386032,फैक्स:0744-2386033, उदयपुर कार्यालय: आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, फैक्स : 0294-2410146, अजमेर कार्यालय:-राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665, जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422,226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय : एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्स: 01562-256908